दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। बुधवार 28 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 39 पेज-10 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक 35 से ज्यादा पार्टियों के सांसद शामिल



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने विधायी और अन्य एजेंडों पर चर्चा करने के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में 35+ पार्टियों के सांसद शामिल हुए। इस दौरान बजट सत्र को सकारात्मक और सुचारू रूप से चलाने को लेकर चर्चा हुई।

बजट सत्र 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश होगा। इस दिन रविवार है।

ऑल पार्टी मीटिंग के बाद किरेन रिजिजू ने विपक्ष के विधायी एजेंडा शेयर नहीं करने के आरोप पर कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सरकार अपना एजेंडा शेयर करती है। विपक्ष को बोलने की आजादी है, लेकिन सुनना भी जरूरी है।

ऑल पार्टी मीटिंग में विपक्ष की मांग : भारत यूरोपियन संघ के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर चर्चा हो। ओडिशा में संकट में फंसे किसान और बीजेपी शासित राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चर्चा हो। 16 साल से कम उम्र के लोगों के लिए सोशल मीडिया बैन पर बिल लाया जाए।

# गाजियाबाद में भी नजर आए यूजीसी के इफैक्ट

## प्रदर्शन और आंदोलन को लेकर पुलिस अलर्ट

**- जिला मुख्यालय और सोशल मीडिया पर निगरानी तेज**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को गाजियाबाद में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। करणी सेना के सहयोगियों और विभिन्न संगठनों ने जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान करणी सेना के त्यागी ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास त्यागी ने जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि शिक्षा व्यवस्था किसी प्रयोगशाला की तरह प्रयोग नहीं हो सकती और विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार छात्रों और शिक्षा के हित में काम करें। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि देश को गुणवत्तापूर्ण रोजगार और आधारित



शिक्षा की आवश्यकता है। उसी समय, राजपूत करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष विकास भदोरिया के साथ भी प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजते हुए कहा कि अनुच्छेद में हाल ही में किए गए परिवर्तन स्वीकार्य नहीं हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े युवा और अन्य समूह भी मौजूद थे। वहीं सोशल मीडिया पर आगे बढ़कर डा. उदिता त्यागी जो हिंदूवादी संगठनों से जुड़ी नेता हैं, ने 29 जनवरी को जिले में बड़े स्तर पर यूजीसी विरोधी आंदोलन और ज्ञापन देने की चेतावनी दी है।

### पुलिस हुई अलर्ट

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट ने भी स्थिति को लेकर अलर्ट जारी कर रखा है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर केशव चौधरी ने बताया कि गाजियाबाद में धारा 163 लागू है और बिना अनुमति के किसी भी प्रदर्शन या विरोध कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी प्रकार की अशांति फैलने नहीं दी जाएगी। गाजियाबाद में यह विरोध इस बात का संकेत है कि यूजीसी की नई नीतियों पर सामाजिक संगठनों और युवाओं में काफी नाराजगी है, और प्रशासन इसकी निगरानी कड़ी बनाए हुए है।

### यूजीसी लोगों को बांटने का काम कर रही है : आप



करंट क्राइम : यूजीसी का जो यह फैसला है, यह एक दूसरे से बांटने और विरोधी बनाने का प्रयास है। आखिर बिना किसी जनभावना की राय के आनन फानन में केंद्र सरकार क्या करना चाहती है। गलत कंप्लेंट्स पर क्या होगा। इसकी भूमिका और एक्शन, रूल क्या होगा? ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब नदारद है। धर्म, जाति के बाद अब स्टूडेंट्स की बारी है, किस किस को बांटेंगे भाजपा वाले। जनता को सोचना होगा।

**तरुणिमा, प्रदेश प्रवक्ता आप**

### यूजीसी के नाम पर जो खेल चल रहा है, वो सुधार नहीं, साजिश है : हिमांशु शर्मा



करंट क्राइम : यूजीसी के मामले पर पार्षद हिमांशु शर्मा ने कहा है कि मैं अपने बच्चों के भविष्य के लिए लड़ूँगा। मैं आखिरी सांस तक लड़ूंगा। आज जो थोपा जा रहा है, वो सिर्फ.एक नीति नहीं है, ये हमारे अधिकारों, हमारी एकता और हमारे संविधान पर सीधा हमला है। भारत का संविधान साफ कहता है, समानता का अधिकार हर नागरिक के लिए बराबर है। तो फिर ये भेदभाव क्यों? तो फिर एक समाज को टारगेट क्यों किया जा रहा है? यूजीसी के नाम पर जो खेल चल रहा है, वो सुधार नहीं, साजिश है।

# पुलिस ने दबिश दी इतनी तगड़ी पकड़ी गई एक करोड़ की लकड़ी

## केले के पत्तों में छुपाकर लाई जा रही खैर की लकड़ी

**- क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम को गांजा ढूंढ़ते-ढूंढ़ते मिला कत्थे का ट्रक**

**- दो अंतरराज्यीय आरोपी गिरफ्तार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना मसूरी क्षेत्र से खैर (कत्था) की प्रतिबंधित लकड़ी की अंतरराज्यीय तस्करी का खुलासा किया है। टीम को सूचना मिली थी कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, डासना क्षेत्र से होकर गांजा की खेप दूसरे राज्य ले जाई जा रही है। इसी सूचना पर चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने एक कैंटर को रोका, जिसकी तलाशी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। कैंटर के अंदर केले के पत्तों की आड़ में भारी मात्रा में खैर की लकड़ी छुपाकर रखी गई थी। जांच में सामने आया कि लकड़ी को बिहार के मधुबनी क्षेत्र से लोड कर हरियाणा ले जाया जा रहा था। तस्करी को वैध दिखाने के लिए फर्जी बिल्टी और केले की बीटी (बिल) भी तैयार की गई थी। पुलिस ने मौके से रविंदर और अंकित नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो ट्रक में चालक और परिचालक की भूमिका निभा रहे थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने करीब 7000 किलोग्राम (लगभग 7 टन) प्रतिबंधित खैर की लकड़ी बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इसके साथ ही एक कैंटर, मोबाइल फोन और फर्जी दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों आरोपी पूर्व में भी गौतम बुद्ध नगर पुलिस द्वारा पकड़े जा चुके हैं।

क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम इससे पहले भी पुष्पा स्टाइल में तस्करी करने वाले लकड़ी माफिया गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर चुकी है। प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल राजपूत के नेतृत्व में टीम ने पहले भी ऐसे गिरोहों के सरगनाओं को जेल भेजा गया था। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर वर्ष 2026 में मादक पदार्थों और संगठित तस्करी नेटवर्क के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में प्रभावी रूप से जारी है। इससे पहले साहिबाबाद, लोनी, मधुबन बापूधाम समेत कई थाना क्षेत्रों में तस्करी गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जा चुकी है।

## नहीं हो पाई मंगलवार को भी हाउस टैक्स मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई
## दोनों पक्षों के वकील रहे मौजूद, अब फरवरी माह में होगी सुनवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स मामले को लेकर अब तीन पक्ष आमने-सामने वाली स्थिति में है। तीनों पक्ष अपना अपना पक्ष रख रहे हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि यहां विपक्ष खामोश है। सरकार के अधिकारी कोर्ट में है। सत्ताधारी दल की मेयर ने सदन के फैसले को सर्वोपरि बता दिया है और फैसले के विरोध में सत्ताधारी दल के दो पूर्व पार्षद हाईकोर्ट में है। मामला अब अपील -दलील से बढ़ता हुआ फैसले की ओर आ रहा है। इस मामले में 30 जून की बोर्ड बैठक का हवाला दिया जाता है। 30 जून की बोर्ड बैठक में सदन के सभी पार्षद मौजूद थे। नगर निगम पार्षद दल की मुखिया मेयर मौजूद थी और यहां पदेन सदस्यों के रूप में सांसद और विधायक भी मौजूद थे। सभी ने एक स्वर से बढ़े हुए हाउस टैक्स को गलत बताते हुए इस वृद्धि को निरस्त किया था। मेयर ने सदन में सर्व सम्मति से फैसला निरस्त होने की घोषणा की थी। लेकिन इसके बाद भी करदाताओं को नोटिस भेजे गये। पार्षदों ने सवाल उठाये और फिर भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी और हिमांशु मित्तल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट में याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार की गई और इस पर






सुनवाई शुरू हो गई। नगर निगम ने 100 पेज का हलफनामा दाखिल किया और कर वृद्धि को तर्कसंगत बताया। इसी बीच पार्षदों ने मोर्चा खोला और मिनट्स बुक की मांग शुरू हो गई। पार्षद लखनऊ टूर पर गये। वहां सबके सामने बात रखी। इस मामले में शहर विधायक संजीव शर्मा ने एक पत्र शासन को लिख दिया और धीरे-धीरे भाजपा के ही पार्षद कर वृद्धि के विरोध में लामबंद होकर आ गये। इधर कोर्ट में तारीख दर तारीख मामला चल रहा था। अचानक इस मामले में नया मोड तब आया जब बीते दिनों मेयर ने एक पत्र जारी किया और उन्होंने सबसे पहले तो ये कहा कि सदन का फैसला सर्वोपरि है और बढ़ा हुआ हाउस टैक्स नहीं लिया जा सकता। इसके बाद उन्होंने कर निर्धारण अधिकारी को अपने रडार पर लिया। सदन सर्वोपरि वाले फैसले के अगले ही दिन कर अधिकारी ने पलटवार किया। उन्होंने यहां हाईकोर्ट के निर्णय को सर्वोपरि रख दिया और अलग-अलग तरीके से अपनी बात कही। वहीं इस मामले में तीसरा मोड़ तब आया जब हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता पूर्व निगम पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल आ गये। हिमांशु मित्तल ने कहा कि अगर मेयर को सदन का फैसला ठीक लग रहा है और उन्हें ये लग रहा है कि हाउस टैक्स की वृद्धि गलत की गई है तो वो इस बात को हाईकोर्ट में हलफनामे पर लिखकर जमा करा दें। जब मेयर ऐफीडेविट दाखिल करेंगी तो पूरा मामला ही खत्म हो जायेगा और टैक्स की वृद्धि खत्म हो जायेगी। बहरहाल इन सबके बीच मंगलवार को अदालत में सुनवाई होनी थी। लेकिन ये सुनवाई मंगलवार को नहीं हो सकी। सबसे खास बात ये है कि अपील वाले वकील भी मौजूद थे और निगम प्रशासन वाले की ओर से दलील देने वाले वकील भी मौजूद थे। यानी पक्ष और विपक्ष दोनों पक्षों के वकील मौजूद थे। हाईकोर्ट बेंच भी बैठी थी मगर उसके बाद भी सुनवाई नहीं हो पाई। बताया जाता है कि हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी याचिका के लिए नंबर भी आवंटित था। लेकिन किसी अन्य महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई पहले होनी थी। लिहाजा हाउस टैक्स वाली याचिका के लिए दोपहर का समय दिया गया। दोनों पक्षों के वकील मौजूद रहे और अपने केस की आवाज लगने की आवाज लगने का इंतजार करते रहे। लेकिन दोपहर बाद भी अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी और अगली डेट लग गई। उम्मीद यही थी कि मंगलवार को पहले राउंड में नंबर आयेगा। लेकिन फिर दोपहर बाद का समय सुनवाई के लिए रखा गया और फिर दोपहर भी निकल गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सूत्र बताते हैं कि अब 3 या 4 फरवरी को इस मामले में सुनवाई हो सकती है। सूत्र बताते हैं कि अब ये लगभग केस फैसले की ओर बढ़ रहा है। सूत्र बताते हैं कि दोनों पक्षों के वकीलों की बहस हो चुकी है। दोनों ही पक्ष अपने अपने दस्तावेज अदालत को दे चुके हैं। फाईनल बहस हो चुकी है और अब जजमेंट का इंतजार हो रहा है।

# विवाद नहीं, आचरण तय करता है शंकराचार्य परंपरा की महानता: बालेश्वर त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रयागराज में स्वामी अवमुक्तेश्वरांद के विवाद ने एक बार सबका ध्यान खींचा है। क्या सच में वे जगतगुरू शंकराचार्य हैं या नहीं इस विवाद को छोड़ देते हैं। इसका निर्णय सर्वोच्च न्यायालय में हो जाएगा। क्या वर्तमान विवाद हिन्दू धर्म गुरु के अपमान से जुड़ा है? या धमार्चार्य के अहंकार से जुड़ा है? माघ मेले में पालकी पर बैठकर संगम स्नान करने जाना कौन से ग्रन्थ में लिखा है? या किस परम्परा से जुड़ा है। जिस आदि शंकर के उत्तराधिकार की परम्परा से शंकराचार्य होने का दावा किया जा रहा है, उन्होंने आठवीं शताब्दी में केरल के कालड़ी से चलकर सारे भारत में हिंदुत्व की धर्म ध्वजा फहराई थी। जब काशी में एक चांडाल को सामने से आता देख आदि शंकर ने कहा सामने से हट तब चांडाल ने कहा कि किसे हटने के लिए कह रहे हो? इस शरीर को या इसके अंदर की आत्मा को ? तब शंकर उसके चरणों में गिर गए और कहा कि तुम मेरे गुरु हो । तुमने मुझे ज्ञान करा दिया कि मेरे अंदर जो है वही तेरे अंदर है। आदि शंकर ने अद्वैत के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था और कहा था अहम ब्रह्मासमी, मैं ही ब्रह्म हूं। आज उस महान संत आदि शंकर को जिसे हिंदू मान्यताओं में शकंर का अवतार माना जाता है , की परम्परा से संचालित मठों के आचार्य समाज के सामने किन आदर्शों का प्रस्तुतीकरण कर रहे हैं? केवल भगवा वस्त्र धारण करने से कोई महान नहीं होता। कोई संन्यास ग्रहण करने से या महामंडलेश्वर, आचार्य, जगतगुरू और शंकराचार्य की पदवी से महान नहीं होता। वह अपने आचरण से और ज्ञान से महानता प्राप्त करता है। आदि शंकर ने मंडन मिश्र को शास्त्रार्थ में पराजित कर न केवल हिंदुत्व की श्रेष्ठता को स्थापित किया बल्कि शास्त्रार्थ की महान परम्परा का पोषण किया। हिंदू धर्म कोई किसी चमत्कारिक व्यवस्था के अनुप्राणित नहीं है। ये ज्ञान परम्परा का वाहक है। इसमें खुले मंचो पर ईश्वर , उसके अस्तित्व तक पर बहस की जाती रही है। और बहस भी धर्म ग्रंथों के कथनों के आधार पर होती रही है। विरोधियों द्वारा भी धर्म ग्रंथों के आधार पर अपनी पराजय स्वीकार करने उदाहरण उपलब्ध हैं। ये हिंदू धर्म की महानता और श्रेष्ठता है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। यहां छुईमुई के पेड़ जैसी व्यवस्था नहीं है। यहां जो ईश्वर के अस्तित्व को नहीं मानते वे भी सहर्ष स्वीकार्य हैं। ये हिंदू धर्म की शक्ति है, कमजोरी नहीं है। दुर्भाग्य से कई ऐसे संत हैं जिन्हें कभी ईश्वर , आत्मा , प्रकृति , कर्म फल , मानवता जीवन मृत्यु जैसे विषयों पर कभी चर्चा करते नहीं सुना उल्टे जब भी सुना तो केवल विवादास्पद बातें ही करते सुना है। पता नहीं वे कितने संत हैं या असंत हैं। वे हिन्दू धर्म की किस रूप में कितनी सेवा करते हैं , पता नहीं। लेकिन आए दिन कोई न कोई विवाद खड़ा करके हिंदुओं के बीच ही विभाजन करते हैं। इन धर्मगुरुओं को समाज में अपने अनुयायियों की संख्या देखनी हो तो कथावाचकों के पंडालों को में उमड़ी भीड़ को जाकर देख लें। स्वयं प्रयागराज में माघ मेले के अवसर पर संगम स्नान करने आए लाखों सनातनियों में से कितने लोग उनके समर्थन में खड़े हुए ये स्वय स्पष्ट है। अगर आदि शंकर की परम्परा के वाहक होने का दम भरते हो तो उन जैसे कुछ आचरण भी तो करने होंगे।

**मुद्दा पद का नहीं, परंपरा के आचरण का है**

प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़ा विवाद यह प्रश्न खड़ा करता है कि क्या आज धमार्चार्य पद की गरिमा आचरण और ज्ञान से तय हो रही है या केवल उपाधियों और प्रतीकों से।

**आदि शंकराचार्य की परंपरा अहंकार नहीं, अद्वैत की साधना सिखाती है**

आठवीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने अद्वैत का प्रतिपादन करते हुए ह्यअहं ब्रह्मास्मिह्न का सिद्धांत दिया, जिसमें भेद, जाति और अहंकार का कोई स्थान नहीं है।

**धमार्चार्य की पहचान शास्त्र और शील से होती है, प्रदर्शन से नहीं**

केवल भगवा वस्त्र, पालकी, उपाधियाँ या धार्मिक आयोजनों में दिखावा किसी को महान नहीं बनाता; महानता ज्ञान, विनम्रता और आत्मबोध से आती है।



**हिंदू धर्म बहस से डरता नहीं, बहस से निखरता है**

सनातन परंपरा में ईश्वर के अस्तित्व तक पर शास्त्रार्थ की परंपरा रही है—यही इसकी शक्ति है, न कि कमजोरी। यहां असहमति भी स्वीकार्य रही है।

**विवाद खड़े करने वाले संत समाज को जोड़ने के बजाय बांट रहे हैं**

बार-बार विवादास्पद बयान देने वाले तथाकथित संत न तो धर्म, न समाज और न ही परंपरा को सशक्त करते हैं—वे केवल हिंदू समाज में विभाजन बढ़ाते हैं।

**जनसमर्थन कथनों से नहीं, कर्म से तय होता है**

माघ मेले और कथाओं में उमड़ी लाखों की भीड़ यह दिखाती है कि सनातनी समाज किस प्रकार के धमार्चार्यों और मूल्यों के साथ खड़ा है—शोर से नहीं, शील से।



ध्वजारोहण









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम मुख्यालय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ। जिसमें महापौर सुनीता दयाल और नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने ध्वजारोहण करते हुए उपस्थित पार्षदों को गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद दी। इस दौरान सामूहिक राष्ट्रगान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस परेड की ली सलामी

## 77वें गणतंत्र दिवस पर पुलिसकर्मियों को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

### डीसीपी निमिष पाटिल, इंस्पेक्टर कुलदीप दीक्षित रवेंद्र गौतम, मनीष बिष्ट सहित कईयों को मिला सम्मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में भव्य परेड का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड एवं प्रथम परेड कमांडर आईपीएस दीप्ति चौहान मंच पर मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सुनील शर्मा ने पुलिस के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय, उत्कृष्ट एवं शौर्यपूर्ण कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्लैटिनम, रजत पदक एवं डीजीपी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि आज भारत तेज गति से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति को प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है।













### विभिन्न विभागों के पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, क्राइम टीम के पुलिसकर्मी, इंस्पेक्टर सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित को प्लेटिनम पदक, इंस्पेक्टर रवेंद्र गौतम को रजत पदक मिला है। वहीं कन्विक्शन सेल प्रभारी डॉ. नीरज तोमर, अपराध अन्वेषण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इंस्पेक्टर मनीष बिष्ट सहित अन्य पुलिसकर्मियों को डीसीपी सिटी द्वारा अपने-अपने जोन में सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर कन्विक्शन सेल प्रभारी डॉ. नीरज सिंह तोमर को मिला विशिष्ट सम्मान

## अपराधियों को सजा दिलाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने में निभा रहे निर्णायक भूमिका

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। परेड ग्राउंड में आयोजित इस भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने कन्विक्शन सेल प्रभारी डॉ. नीरज सिंह तोमर को उनकी प्रभावी कार्यप्रणाली और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड ने कहा कि कन्विक्शन सेल पुलिस कमिश्नर के निर्देशों के अनुरूप संगठित एवं रणनीतिक तरीके से कार्य कर रही है। सेल के माध्यम से गंभीर मामलों में तेजी से चार्जशीट, प्रभावी पैरवी और सुदृढ़ समन्वय के चलते अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाने में सफलता मिल रही है, जिससे कानून के प्रति आमजन ा विश्वास मजबूत हुआ है। कन्विक्शन सेल की प्रभावी भूमिका डॉ. नीरज सिंह तोमर के नेतृत्व में कन्विक्शन सेल ने न केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है, बल्कि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी निगरानी में मामलों की नियमित मॉनिटरिंग, साक्ष्यों की मजबूती और अभियोजन पक्ष के साथ बेहतर तालमेल स्थापित किया गया। डॉ. नीरज सिंह तोमर एक अनुभवी, अनुशासित एवं विद्वान अधिकारी हैं। उनकी बेहतर हिंदी भाषा शैली, सटीक विवेचना, प्रशासनिक दक्षता और आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार के कारण विभाग में उनकी अलग पहचान बनी है। उनकी शैक्षणिक योग्यता

एम.ए., पीएच.डी है। वह पूर्व में रीडर, अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय), गाजियाबाद प्रभारी, जन शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी, मॉनिटरिंग सेल भी रह चुके हैं।



ध्वजारोहण



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के आरडीसी स्थित कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव और मधु चौधरी सहित सपा के अन्य पदाधिकारी पार्टी कार्यालय पर मौजूद रहे।

# राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर सिटी आरडब्ल्यूए शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी

## नगर निगम से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही कराया गया समाधान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के कार्यकारिणी उपाध्यक्ष, का राजनगर एक्सटेंशन स्थित ऑफिसर सिटी आरडब्ल्यूए के शपथ ग्रहण समारोह में आगमन हुआ। कार्यक्रम के दौरान आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों द्वारा नगर निगम से संबंधित विभिन्न समस्याएं रखी गईं, जिनका निराकरण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों के माध्यम से कराया गया। समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं



नवनिर्वाचित आरडब्ल्यूए पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित टीम को उनके कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में यह भी आश्वस्त किया गया कि नगर निगम भविष्य में भी क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेगा।

# इंस्पेक्टर मनीष बिष्ट को मिला मुख्यमंत्री वीरता पदक

### वर्तमान में थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हैं तैनात

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के वर्ष 2001 बैच के इंस्पेक्टर मनीष बिष्ट को उनके उच्च साहसिक कार्यों, उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा और अदम्य साहस के लिए माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री वीरता पदक से सम्मानित किया गया। वर्तमान में इंस्पेक्टर मनीष बिष्ट थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात हैं, जहां वे साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, तकनीकी दक्षता और सटीक कार्रवाई के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी कार्यशैली ने न केवल पुलिस विभाग का मान बढ़ाया है, बल्कि आमजन के मन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी और अधिक सुदृढ़ किया है।

इससे पूर्व इंस्पेक्टर मनीष बिष्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत थाना इंदिरापुरम और थाना लिंक रोड जैसे महत्वपूर्ण और



संवेदनशील थानों का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर चुके हैं। हर तैनाती स्थल पर उन्होंने अनुशासन, सख्त कानून व्यवस्था और जनसंपर्क के बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किए।

अपनी बेहतरीन कार्यप्रणाली के साथ-साथ प्रभावशाली व्यक्तित्व, अनुशासित जीवनशैली और फिट बॉडी के लिए भी पहचाने जाने वाले इंस्पेक्टर मनीष बिष्ट मूल रूप से उत्तराखंड के निवासी हैं। मुख्यमंत्री वीरता पदक मिलने पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों, अधीनस्थ कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम अलर्ट रैन बसेरों में लगाए गए गैस हीटर

### 25 से अधिक गैस हीटर लगाए गए







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शीतलहर और लगातार गिरते तापमान को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निराश्रितों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम ने शहर के स्थायी और अस्थायी रैन बसेरों में गैस हीटर लगवाए हैं, जिससे आश्रय लेने वाले लोगों को ठंड से राहत मिल सके। बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए नगर निगम पूरी तरह अलर्ट मोड में कार्य कर रहा है। रैन बसेरों में पहले से ही इलेक्ट्रिक हीटर की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा चुकी थी, वहीं अब अतिरिक्त व्यवस्था के रूप में एलपीजी गैस से संचालित गैस हीटर लगाए गए हैं। ये हीटर न केवल बेहतर गर्मी प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं, जिससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता। नगर निगम के प्रभारी नजारत डॉ. अनुज ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी आश्रय स्थलों में निराश्रितों की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है। ठंड से बचाव के साथ-साथ रैन बसेरों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जा रही है तथा तख्त की अतिरिक्त व्यवस्था भी की गई है। इन प्रयासों की सराहना आश्रय स्थलों में ठहरने वाले लोगों द्वारा की जा रही है। नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि सभी आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की प्रतिदिन निगरानी की जा रही है।

इसके लिए जोनल प्रभारी एवं संबंधित टीमें नियमित रूप से निरीक्षण कर रही हैं, ताकि निराश्रितों को समय पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। नगर निगम द्वारा अब तक 25 से अधिक गैस हीटर विभिन्न आश्रय स्थलों में लगाए जा चुके हैं। नगर निगम का उद्देश्य है कि कड़ाके की ठंड में कोई भी व्यक्ति खुले में रहने को मजबूर न हो और सभी निराश्रितों को सुरक्षित, गर्म और सम्मानजनक आश्रय मिल सके।

# बैंकिंग सेक्टर में उबाल : पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर देशव्यापी हड़ताल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सार्वजनिक, निजी, सहकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लाखों कर्मचारी आगामी 27 जनवरी, 2026 को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। यह आह्वान यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा किया गया है, जो बैंकिंग क्षेत्र की 9 प्रमुख यूनियनों का संयुक्त संगठन है।

हड़ताल का प्राथमिक एजेंडा बैंकिंग उद्योग में 5-दिवसीय कार्य सप्ताह को पूर्ण रूप से लागू करना है। वर्तमान में, बैंकों में केवल दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश रहता है। यूनियनों की मांग है कि भारतीय रिजर्व बैंक, एलआईसी और स्टॉक




एक्सचेंजों की तर्ज पर बैंकों में भी सभी शनिवारों को छुट्टी घोषित की जाए।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बैंक यूनियनों और इंडियन बैंक एसोसिएशन के बीच 7 दिसंबर 2023 और 6 मार्च 2024 को हुए समझौतों में इस मांग पर सहमति बनी थी। कर्मचारियों ने कार्य के घंटों को सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन 40 मिनट बढ़ाने का विकल्प भी स्वीकार किया है।

यूनियनों का आरोप है कि आईबीए की सिफारिश के बावजूद केंद्र सरकार पिछले लंबे समय से इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दे रही है। मार्च 2025 में प्रस्तावित हड़ताल को सरकार के 'सक्रिय विचार' वाले आश्वासन के बाद टाला गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ 'भेदभाव' किया जा रहा है, जबकि अन्य वित्तीय संस्थानों में यह व्यवस्था लागू है।

हड़ताल के कारण 27 जनवरी को चेक क्लियरिंग, कैश ट्रांजेक्शन और अन्य शाखा-आधारित सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है। हालांकि, नेट बैंकिंग और एटीएम सेवाएं चालू रहने की उम्मीद है।

# सड़क सुरक्षा बैठक: सांसद डॉ. महेश शर्मा ने ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यों की समीक्षा की

**नोएडा।** सेक्टर-27 स्थित डीएम कैंप कार्यालय पर संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में सख्त निगरानी व ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण व पुलिस को दिए गए। वहीं स्कूल वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद डॉ. महेश शर्मा ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के



अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे 35 नए चिन्हित ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यों में तेजी लाएं तथा नवंबर माह में चिन्हित 152 दुर्घटना हाई रिस्क हॉटस्पॉट्स पर अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत एवं तथ्यपरक रिपोर्ट 10 दिन के अंदर प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रस्तावित सुधार कार्य समयबद्ध, गुणवत्ता-युक्त एवं मानक अनुरूप हों।

बैठक में सांसद द्वारा जनपद में संचालित सड़क सुरक्षा गतिविधियों की नियमित समीक्षा, सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण तथा दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की पहचान कर उनके स्थायी, व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। सांसद ने कहा कि जनपद में चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट्स पर निर्धारित मानकों के अनुरूप सड़क अभियान्त्रिकी से जुड़े सभी आवश्यक सुधार कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं।

# कुमाऊं समाज का 11वां वार्षिकोत्सव, वैशाली में उमड़ा 'मिनी उत्तराखंड'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तराखंड कुमाऊं समाज सेवा समिति, वैशाली द्वारा आयोजित 11वां वार्षिक महोत्सव न केवल भव्य रहा, बल्कि इसने क्षेत्र में देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत की गहरी छाप छोड़ी।

महोत्सव का शुभारंभ सुबह एक विशाल भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ, जिसमें पारंपरिक परिधानों में सजे समाज के लोगों ने क्षेत्र का भ्रमण किया। दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला रात 10 बजे तक अनवरत चलता रहा। संस्था के





अध्यक्ष हरीश साह ने बताया कि आयोजन को लेकर लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश जोशी, प्रेम, राजेंद्र भट्ट, एस.बी. नेगी, देवेंद्र सिंह मेहरा, भगत गंगोला, और पार्षद गौरव सोलंकी शामिल हुए। साथ ही बलराज नेगी, बलम घुघुतियाल, बलवंत सिंह बिष्ट, सोनल जोशी, पी.एन. शर्मा, हीरा सिंह नेगी और मोहन सिंह रावत सहित समाज के कई प्रतिष्ठित पदाधिकारियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

# सुगम समाज सेवा संस्थान ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस, पार्षद अजय शर्मा ने किया ध्वजारोहण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सुगम समाज सेवा संस्थान के जे-ब्लॉक, सेक्टर-23, संजय नगर स्थित प्रधान कार्यालय में ध्वजारोहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों और संस्था के पदाधिकारियों ने देशभक्ति के उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि पार्षद अजय शर्मा और आचार्य मुनि वत्स की गरिमामयी उपस्थिति में तिरंगा फहराया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी और देश की अखंडता का संकल्प लिया।

समारोह में संस्था के सचिव विनोद राघव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील चौधरी, विपुल राघव, सुनील पांचाल, लवकेश, ज्योति राघव, संजय, नरेंद्र, कुलदीप और पुष्पेंद्र सहित अनेक सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए धूमधाम से इस महापर्व को मनाया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# यूजीसी को लेकर भाजपा में ही बन गये पक्ष और विपक्ष के सीन

## भाजपा सपोर्ट में और भाजपा ही अपोजिशन में






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूजीसी बिल को लेकर भगवागढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद में सबसे खास बात ये है कि अपोजिशन के लीडर तो खामोश हैं लेकिन सत्ताधारी दल के भाजपाई नेताओं ने यहां विपक्ष वाली पोजिशन ले ली है। यूजीसी बिल भाजपा की सरकार लाई है और भाजपाई ही इसका विरोध कर रहे हैं और भाजपाई ही इसे सपोर्ट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसा लग रहा है कि भगवा नेताओं के बीच इस बिल को लेकर जंग का ऐलान हो गया। भाजपा ही समर्थन में आई और भाजपा ही विरोध में हा गई। यहां पर खास बात ये रही कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने पोस्ट डाली और वे यूजीसी बिल के समर्थन में खुलकर आ गये। वहीं भाजपा और संघ से जुड़े चेहरे विरोध में भी आये। पक्ष और विपक्ष दोनों ही सीन में भाजपा है। विपक्ष में भी भाजपा है और पक्ष में भी भाजपा है। यूजीसी बिल को लेकर भाजपा के सवर्ण समाज के चेहरे बिल के विरोध में हैं और एससी तथा ओबीसी समाज के भाजपाई चेहरे समर्थन में हैं। दो दिन से सोशल मीडिया पर हंगामा चल रहा है। भाजपा के प्रमुख चेहरों ने मोर्चा खोल रखा है। सबसे बड़ी बात ये है कि इस बिल को लेकर गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि कोई प्रतिक्रिया नही दे रहे। वो पूरी तरह साईलेंट मोड पर हैं। चाहे वो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हों। चाहे वों पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल हों। चाहे वो मेयर सुनीता दयाल हों। चाहे वो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा हों। चाहें वो शहर विधायक संजीव शर्मा हों। चाहें वो एमएलसी दिनेश गोयल हों। ये सब चेहरे खामोश हैं। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने यूजीसी बिल को संवैधानिक दर्जा दिये जाने पर कहा है कि 80 करोड ओबीसी मोदी जी का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। गाजियाबाद की भगवा राजनीति यूजीसी बिल में उलझी हुई है।

वहीं सवर्ण समाज की ओर से भाजपा की महिला नेता प्रीति चंद्रा राय सामने आईं। उन्होंने लिखा कि चाहे तिल लो या ताड़ लो, राजा राई लो या पहाड़ लो, मैं अभागा सवर्ण हूं, मेरा रोया-रोया उखाड़ लो। इसी मुद्दे को लेकर संघ के पदाधिकारी रहे अनुरागदीप कौशिक आये। उन्होंने लिखा कि वर्तमान समय में सबसे अधिक प्रताड़ित अगर कोई जाति या वर्ग है तो वो सामान्य वर्ग है। जातीय द्वेष बढ़ाकर कौन से जातिविहीन समाज का निर्माण हो रहा है। उदिता त्यागी तो पहले दिन से ही मोर्चा खोल रही हैं और उन्होंने इस पूरे बिल को दूसरे राह पर लिया और कहा गजवा-ए-हिंद का रास्ता साफ करने के लिए यूजीसी का काला कानून हिंदुओं का डेथ वारंट है।

यूजीसी को लेकर भाजपा के भीतर गाजियाबाद में गहमा गहमी मची हुई है। प्रतिक्रियाएं आ रही है। भाजपा के प्रमुख चेहरे खुलकर सामने आ रहे हैं। जो भाजपा के सवर्ण समाज के चेहरे हैं वो बिल का विरोध कर रहे हैं और जो चेहरे ओबीसी वर्ग से आते हैं वो समर्थन कर रहे हैं। सबसे खास बात है कि इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधि खामोश है। विपक्ष की बात करें तो बसपा-सपा-कांग्रेस के सारे ही नेता खामोश हैं।

### 80 करोड़ ओबीसी करते हैं मोदी जी का भरपूर समर्थन : नरेन्द्र कश्यप

करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने यूजीसी बिल पर खुलकर अपनी राय रखी। वो एक बड़े प्रोफाईल के नेता हैं और गाजियाबाद के सभी राजनीतिक जनप्रतिनिधियों में वो अनुभव और पद दोनों में बड़े हैं। राजनीति की गहन समझ हैं और उनका पूरा सियासी जीवन पिछड़ों की राजनीति में गुजरा है। जहां वो खुल कर यूजीसी बिल के समर्थन में आये। उन्होंने कहा कि ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया जाना तथा ओबीसी को राजनीतिक हिस्सेदारी दिये जाने, समाजिक सुरक्षा दिये जाने पर हम 80 करोड़ ओबीसी मोदी जी का भरपूर समर्थन करते हैं।



### पूर्व मेयर अशु वर्मा ने पूछा कहां होगी कार्रवाई

करंट क्राइम। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने सोशल मीडिया पर यूजीसी बिल को लेकर पोस्ट डाली। उन्होंने लिखा कि उनके खिलाफ कहां कार्यवाही होगी, जो कहते हैं ब्राह्मण-बनियो भारत छोड़ो। यहां वो यूजीसी को जेएनयू के मुकाबले में ले आये।

### जब सांसद-विधायकों को मिलाया फोन तो नहीं सुनाई दी हैलो वाली टोन



करंट क्राइम। यूजीसी बिल को लेकर जनप्रतिनिधि क्या सोच रहे है। क्या वो बिल के समर्थन में हैं या वो बिल का विरोध कर रहे हैं। आखिर वो क्यों चुप हैं। वो बिल को लेकर क्या राय रखते हैं। यह जानने के लिए दैनिक करंट क्राइम ने जनप्रतिनिधियों को फोन मिलाये। ना तो फोन रिसीव हुए और ना ही बैक कॉल आई। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को फोन मिलाया गया। लेकिन कोई जवाब नहीं आया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी फोन नहीं उठाया और पलटकर उनका फोन भी नहीं आया। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी का फोन स्वीच ऑफ मिला। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का फोन किसी अन्य व्यक्ति ने उठाया और बताया कि अभी विधायक जी बिजी हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा का फोन भी बिजी टोन पर रहा। जनप्रतिनिधियों ने फोन ही बिजी कर लिया और वो इस मुद्दे पर ईजी दिखाई नहीं दिये।

# फूल उठा समर्थकों का गर्व से तब सीना

## जब चीफ वार्डन ललित जायसवाल को मिला गृह मंत्रालय का विशेष मैडल



**ललित जायसवाल के व्यक्तित्व की बात करें तो यहां सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन एक ऐसे ही सामाजिक व्यक्तित्व हैं। साहित्यिक गतिविधियों में आगे रहे हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों में पूरी तरह भाग लेते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो शासन की मंशा के अनुरूप चलते हैं और प्रशासनिक कार्यों में उनके सहयोग वाला योग सबसे ज्यादा होता है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जो अपने आपमें एक समाजिक व्यक्तित्व होते हैं। सामाजिक जीवन में बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो राजनीतिक अभिलाषाओं से ज्यादा वरियता सामाजिक दायित्वों को देते हैं। ऐसे लोग अपने समाजिक प्रोफाईल से ही अपना कद बढ़ा करते हैं और सम्मान भी पाते हैं। व्यक्तित्व की बात करें तो यहां सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल एक ऐसे ही समाजिक व्यक्तित्व हैं। साहित्यिक गतिविधियों में आगे रहे हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों में पूरी तरह भाग लेते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो शासन की मंशा के अनुरूप चलते हैं और प्रशासिन कार्यों में उनके सहयोग वाला योग सबसे ज्यादा होता है। ललित जायसवाल सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन हैं वो सांस्कृतिक गतिविधियों के एक ऐसे संरक्षक हैं जो शहर में फिर से थियेटर संस्कृति को लेकर आये हैं।

नाट्य कला को प्रमोट करते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हो या राष्ट्रीय मतदाता दिवस हो, इन सभी आयोजनों में वो आगे रहते हैं। सिविल डिफेंस की कमान संभाली तो गूंज लखनऊ तक पहुंची। कावंड यात्रा में अपने वार्डन के साथ आकर व्यवस्था को संभाला और पूरी टीम सम्मानित हुई। रामलीला कमेटी का धनुष उठाया तो फिर इसकी भव्यता और परम्परा दोनों को एक नया जीवन दिया। बड़ी बात ये है कि कभी भी आलोचनाओं से विचलित नहीं होते। कभी अपने विरोधियों को भी अपने मुख से कोई विरोध वाला शब्द नहीं निकालते। ऐसे ही व्यक्तित्व को जब गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाईन में सम्मान मिला तो ये सम्मान पूरे शहर का हुआ। पुलिस लाईन में गणतंत्र दिवस पर जब परेड मैदान में एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के सीने पर वो मैडल लगाया जो उन्हें उल्लेखनीय सेवाओं के लिए गृह मंत्रालय ने प्रदान किया है।

जब ये मैडल सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के सीने पर लगा तो उनके समर्थकों का सीना गर्व से फूल गया। एक ऐसी उपलब्धि जिसके लिए हर कोई इंतजार करता है। लेकिन रिजर्व पुलिस लाईन का मैदान इस बात का गवाह बना कि ये मैडल उन्हीं के सीने पर आता है जो इसके लिए डिजर्व करते हैं। एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने जब सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल को गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया मैडल लगाया तो ये सम्मान गाजियाबाद के हर उस सिविल डिफेंस वार्डन का था जो अपने चीफ वार्डन के नेतृत्व में सेवा और सहयोग की भावना के साथ काम करते हैं। ये सम्मान पूरे सिविल डिफेंस विभाग का था। चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने खुद को साबित किया है और इसमें कोई दोराय नहीं है कि उनके नेतृत्व में सिविल डिफेंस गाजियाबाद ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की पहचान एक ऐसे संगठन के रूप में हुई है जो हर आयाम में प्रशासन के साथ कदम दर कदम मिलाकर काम करता है। एक ऐसा संगठन जो अपने अनुशासन की वजह से प्रशासन और शासन दोनों से सम्मान पाता है। बहुत कम व्यक्ति ऐसे होते हैं जो अपने कर्तव्यों से अपने कार्यों से समाज में सम्मानित होते हैं, सरकार में सम्मानित होते हैं। निसंदेय ललित जायसवाल एक ऐसे व्यक्तित्व बने हैं और इस सम्मान के लिए वो इसलिए भी काबिल हैं क्योंकि उन्होंने समाज सेवा के लिए राजनीति को दूसरी प्राथमिकता पर रखा। जो लोग उन्हें जानते हैं और जिन लोगों को उनके संबंधों का पूरा नेटवर्क पता है वो तर्क भी देते हैं कि अगर ललित जायसवाल चाहते तो दस साल पहले राजनीति की ओर रूख कर सकते थे। अगर वो राजनीति का रूख करते तो यहां उनके कैरियर का रूख भी बदल सकता था। वो जनप्रतिनिधि वाली व्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा हो सकते थे। लेकिन ललित जायसवाल ने सक्रिय समाजसेवा की और सक्रिय राजनीति से खुद को दूर रखा। हिंदी भवन से लेकर रामलीला मैदान और सिविल डिफेंस से लेकर विभिन्न प्रशासनिक आयामों में ये चेहरा बेहद अनुशासित, शांत और सहयोग के साथ काम करने वाला चेहरा है।

# हद से हद मई-जून तक टल सकते हैं पंचायत चुनाव

## चर्चा भले ही कुछ हो मगर सरकारी मशीनरी है पूरी तरह तैयार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला पंचायत चुनावों को लेकर देहात में चहल पहल शुरू हो गई थी। आपका सेवक, आपका बेटा वाले होर्डिंग लगने शुरू हो गये थे और जिला पंचायत के चुनावी चेहरों ने अपनी एक्टिविटी को पूरी तरह से एक्टिव कर लिया था। सभी सामाजिक अवसरों पर ये चेहरे सहयोग वाले अंदाज में आ गये थे और इसका योग पंचायत चुनाव से जुड़ रहा था। अचानक से ये चर्चा चली कि फिलहाल पंचायत चुनाव नहीं हो रहे हैं। जब ये चर्चा चली तो फिर पंचायत वाला पर्चा भरने वालों ने भी अपना खर्चा वाला थैला बंद कर दिया। उन्हें भी लगने लगा कि जब चुनाव में देरी है तो फिर थोड़ा हाथ रोक कर चलो। भाजपा भी इन चुनावों को लेकर लगातार बैठकें कर रही है और अन्य राजनीतिक दलों में भी सरगरमी शुरू हो गई। लेकिन जिला पंचायत चुनाव टलने के की चर्चा के साथ ही इसके पर्चा भरने वाले खामोश हो गये। लेकिन सूत्र बताते हैं कि जिला पंचायत वाले चुनाव हद से हद मई या जून तक टाले जा सकते हैं। उसके बाद चुनाव कराना संवैधानिक मजबूरी भी है और सूत्र ये भी बता रहे हैं कि जिला पंचायत चुनाव कराने वाली मशीनरी भी पूरी तरह तैयार है। सूत्र बताते हैं कि चुनाव टलने की गहमा गहमी के बीच यहां पर अब इससे जुड़ी कई ऐसी बातें सामने आ गई हैं जो बता रही हैं कि होली के बाद इधर गर्मी बढ़ेगी ओर उधर चुनावों की सरगरमी बढ़ेगी।

पहली वजह यह बताई जा रही है कि पिछला चुनाव अप्रैल महीने में हुआ था और इस नियम से 6 महीने के भीतर चुनाव कराने होते हैं। लिहाजा चुनाव की तैयारी करनी होती है और ये तैयारी हो चुकी है। 6 महीने के भीतर चुनाव कराने के बाद बताया जाता है कि मई जून में इन चुनावों की संभावना बनेगी और वहीं इस मामले में सूत्र बतातेहैं कि कोर्ट का भी कोई पेंच फंसा हुआ है। हाईकोर्ट में एक रिट दाखिल है जिस पर सुनवाई चल रही है और इसका भी फैसला कभी भी आ सकता है। देरी का एक कारण आरक्षण वाली फाईल पेंडिंग का बताया जाता है। लेकिन जिला पंचायत से जुड़े प्रशासनिक सूत्र बता रहे हैं कि आरक्षण कोई ऐसा मुद्दा नहीं है और पिछली व्यवस्था पर चुनाव हो सकता है। वो बता रहे हैं कि जिला पंचायत चुनाव को लेकर वोटर लिस्ट फाईनल हो गई है। लिहाजा इस मामले में जिला पंचायत से जुड़ी पूरी मशीनरी चुनाव के लिए तैयार है और इस बात की प्रबल संभावना है कि जुलाई-अगस्त तक ये चुनाव हो ही जायेंगे और अधिकतम इन्हें मई और जून तक टाला जा सकता है।

# चले गए गाजियाबाद से अब कई अधिकारी, आरडीसी का जाम रहा सब पर भारी

## मिनी कनॉट प्लेस कहलाने वाला इलाका बना ट्रैफिक अव्यवस्था की मिसाल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर का राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर (आरडीसी) जिसे लोग गर्व से मिनी कनॉट प्लेस कहते हैं, आज भी गंभीर जाम की समस्या से जूझ रहा है। सालों से यहां हालात सुधारने के नाम पर नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी आते-जाते रहे, निरीक्षण हुए, अभियान चले, दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। अधिकारी चले गए, पर आरडीसी का जाम सब पर भारी बना रहा। आरडीसी गाजियाबाद का सबसे बड़ा कमर्शियल और मार्केट एरिया है। यहां बहुमंजिला इमारतों में सरकारी-निजी कार्यालय संचालित हैं, मल्टीनेशनल कंपनियों के दफ्तर, नामी ब्रांडेड शोरूम और करीब 200 से अधिक खाने-पीने के आउटलेट मौजूद हैं। इसके चलते दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। सुबह दफ्तर खुलने से लेकर देर रात तक यहां वाहनों का दबाव बना रहता है, लेकिन इसके अनुपात में न तो सड़कों की व्यवस्था है और न ही पर्याप्त पार्किंग की सुविधा। सबसे बड़ी समस्या अवैध और अनियंत्रित पार्किंग की है। सड़क किनारे और कई बार बीच सड़क तक वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे यातायात की रफ्तार थम जाती है।

दिन हो या रात, पीक ऑवर्स में तो जाम आम बात है, लेकिन कई बार सामान्य समय में भी खड़े वाहन लोगों के लिए जी का जंजाल बन जाते हैं। दुकानदार, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी और परिवार के साथ खरीदारी या घूमने आने वाले लोग सभी इस अव्यवस्था से परेशान हैं।

### 1000 से ज्यादा ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की फौज, फिर भी आरडीसी का जाम बरकरार

**कमिश्नरेट सिस्टम के बाद बढ़ी संख्या, पर ठोस रणनीति का अभाव**

करंट क्राइम : गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद लगातार प्रयास और सुधार के दावे किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ट्रैफिक पुलिस के मानव संसाधन में भी बड़ा इजाफा किया गया है। वर्तमान में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के ट्रैफिक दस्ते में 1000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसके साथ ही महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि ट्रैफिक ड्यूटी को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके बावजूद शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त इलाकों में शामिल राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर (आरडीसी) की ट्रैफिक और जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। सवाल यह है कि जब ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की इतनी बड़ी फौज मौजूद है, तो फिर आरडीसी जैसे खास इलाके में अव्यवस्था पर काबू क्यों नहीं पाया जा रहा।

### आमजन से लेकर मंत्री तक उठा चुके हैं आवाज

करंट क्राइम : बीते दिनों उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने भी आरडीसी की जाम समस्या को गंभीरता से उठाया था। इसके बाद कुछ स्थानों पर पुलिस और प्रशासन की सख्ती नजर आई, चालान हुए और अस्थायी तौर पर ट्रैफिक सुधरा भी, लेकिन कुछ ही दिनों में हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौट आए। लोगों का कहना है कि कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित रह जाती है, स्थायी समाधान पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। सूत्रों के अनुसार अब तक चार ट्रैफिक अधिकारी बदले जा चुके हैं। हर नए अधिकारी ने व्यवस्था सुधारने का दावा किया, अभियान चलाए, लेकिन वे कमिश्नरेट सिस्टम से तो चले गए, आरडीसी की ट्रैफिक व्यवस्था वहीं की वहीं रह गई। कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद ट्रैफिक पुलिस में करीब एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। मकसद था कि शहर की सड़कों पर यातायात सुचारू हो और लोगों को राहत मिले, लेकिन आरडीसी के हालात इस दावे पर सवाल खड़े कर रहे हैं। छुट्टी, रविवार और त्योहारी सीजन में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। जाम लोगों का कीमती समय नष्ट करता है, तो कई बार वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद, कहासुनी और मारपीट तक की नौबत आ जाती है। नगर निगम और जीडीए द्वारा कई बार अभियान शुरू किए गए, लेकिन पार्किंग की स्थायी व्यवस्था, मल्टीलेवल पार्किंग या सख्त ट्रैफिक प्लान आज तक धरातल पर नहीं उतर सका। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का साफ कहना है कि जब तक आरडीसी में सुनियोजित पार्किंग, अवैध कब्जों पर सख्ती और स्थायी ट्रैफिक मैनेजमेंट लागू नहीं किया जाता, तब तक मिनी कनॉट प्लेस कहलाने वाला यह इलाका जाम की समस्या से मुक्त नहीं हो पाएगा। फिलहाल हालात यह हैं कि अधिकारी बदलते जा रहे हैं, मगर आरडीसी का जाम जस का तस बना हुआ है।

## संपादकीय

# भारत-ईयू मुक्त व्यापार

भारत-ईयू का यह समझौता इसलिए भी अहम होगा, क्योंकि माना जा रहा है कि इससे अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से निपटने के लिए भारत और यूरोपीय देशों के बीच साझा एवं व्यापक दृष्टिकोण विकसित होगा।

बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत अपनी आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में अब भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक समझौता होने वाला है, जिसकी घोषणा द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में किए जाने की संभावना है। इसके तहत रक्षा क्षेत्र, समुद्री सुरक्षा एवं आतंक के खिलाफ साझा मोचेबंदी, भारतीय और यूरोपीय नागरिकों की आसान आवाजाही तथा वस्त्र उद्योग एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। यह समझौता इसलिए भी अहम होगा, क्योंकि माना जा रहा है कि इससे अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से निपटने के लिए भारत और यूरोपीय देशों के बीच साझा एवं व्यापक दृष्टिकोण विकसित होगा। अनुमान है कि इस समझौते से दो अरब लोगों का एक ऐसा बाजार बनेगा, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई हिस्सा होगा। इससे न केवल भारत के निर्यात को गति मिलेगी, बल्कि यहां के पेशेवरों के लिए यूरोपीय देशों में रोजगार पाने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाए जाने के बाद देश का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ है। नतीजतन, भारत अपने उत्पादों के लिए दुनिया के विभिन्न देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने के हर संभव प्रयास में जुटा है। हाल ही में भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार एवं व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप दिया है। इससे पहले ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए गए थे। यूरोपीय संघ के साथ भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार वर्ष 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मसलों पर आपसी सहमति न बनने के कारण वर्ष 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी। जून, 2022 में वार्ता को फिर से आगे बढ़ाया गया, जो निर्णायक रही। अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़े जानकारों का मानना है कि यह ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने में गुणात्मक बदलाव लाएगा। माना जा रहा है कि शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौते को मंजूरी देने के अलावा दोनों पक्ष रक्षा ढांचागत समझौता और एक रणनीतिक एजंडा भी प्रस्तुत करेंगे। गौरतलब है कि भारत और यूरोपीय संघ वर्ष 2004 से रणनीतिक साझेदार रहे हैं। प्रस्तावित सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी दोनों पक्षों के बीच सहयोग को और गहरा करने में सहायक होगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आपसी तालमेल बढ़ेगा और भारतीय कंपनियों के लिए यूरोपीय संघ के ह्यसेफह्न (सिक्योरिटी एक्शन फार यूरोप) कार्यक्रम में भागीदारी के रास्ते खुलेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक समझौते से देश के वस्त्र निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

# बैंक और मेटल शेयरों की खरीदारी से बाजार में तेजी
# सेंसेक्स 319 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,175 के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.78 अंक उछलकर 81,857.48 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 126.75 अंक की बढ़त के साथ 25,175.40 पर बंद हुआ। शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान पर बंद हुआ। मंगलवार को अत्यधिक अस्थिर कारोबार के बीच इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी उच्च स्तर पर बंद हुए। बाजार बैंक और धातु शेयरों में भारी खरीदारी, वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझान और भारत-ईयू एफटीए को लेकर आशावाद से प्रेरित थे। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.78 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,857.48 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 82,084.92 का उच्च स्तर और 81,088.59 का निम्न स्तर छुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 126.75 अंक या 0.51 प्रतिशत बढ़कर 25,175.40 पर पहुंच गया। रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 19 पैसे की मजबूती हासिल करते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.71 पर बंद हुआ। भारत-यूरोप संघ के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता भारत और यूरोप ने मंगलवार को एक महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की, जिसे सभी समझौतों की जननी बताया जा रहा है। यह समझौता अस्थिर वैश्विक माहौल और वाशिंगटन की टैरिफ नीति के कारण उत्पन्न व्यापार व्यवधानों की पृष्ठभूमि में हुआ है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 देशों के यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं, उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा के साथ शिखर वार्ता करने के बाद कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) यूरोपीय संघ के साथ संपन्न किया है। भारतीय शेयर बाजार संयमित और सतर्क रुख के साथ कारोबार करते रहे। भारत-यूरोपीय संघ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने से अमेरिकी टैरिफ उपायों के कारण उत्पन्न व्यापक जोखिम-मुक्त वातावरण के बीच निवेशकों की भावना को कुछ हद तक समर्थन मिला।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से अदानी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे बड़े लाभ कमाने वालों में शामिल थीं। इसके विपरीत, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, इटरनल और आईटीसी पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

### एक्सिस बैंक के शेयरों में चार प्रतिशत का उछाल

एक्सिस बैंक के शेयरों में 4 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई, क्योंकि कंपनी ने दिसंबर तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 6,742.99 करोड़ रुपये के मुकाबले 7,010.65 करोड़ रुपये रहा।

# अगले 15 साल में भारत में हवाई यात्रा 150% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात के उद्योग मंत्री और सीईओ सुल्तान अल जाबेर ने कहा है कि भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण वैश्विक मांग का निर्णायक चालक बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि आने वाले वर्षों में कई क्षेत्रों में खपत को बढ़ाएगी, जिसमें हवाई यात्रा से लेकर डेटा सेंटर तक शामिल हैं।



इंडिया एनर्जी वीक में मंगलवार को बोलते हुए सुल्तान अल जाबेर ने कहा कि भारत धीरे-धीरे नहीं, बल्कि बड़े और निर्णायक कदमों के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अनुमान जताया कि अगले 15 वर्षों में भारत में हवाई यात्रा 150 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि आज की ऊर्जा व्यवस्था को कई लोग अस्थिरता, आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव, भू-राजनीतिक झटकों और तकनीकी बदलाव के नजरिए से देखते हैं, लेकिन उनका दृष्टिकोण अलग है।

सुल्तान अल जाबेर के अनुसार, मौजूदा उथल-पुथल के पीछे बड़े स्तर पर बदलाव की तस्वीर छिपी है, और यह बदलाव उन देशों और कंपनियों को फायदा पहुंचाएगा जो साहसिक फैसले लेते हैं, न कि उन लोगों को जो स्थिरता का इंतजार करते हैं।

**अमेरिका में निवेश के ट्रंप के दावों पर सवाल :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के कई प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों को अमेरिका में ट्रिलियन डॉलर के निवेश का वादा करने के लिए मजबूर किया है। हालांकि, मंगलवार को सामने आए एक अध्ययन ने इन निवेश प्रतिबद्धताओं की वास्तविकता पर सवाल खड़े किए हैं।

# भारत में विमान निर्माण को बड़ी उड़ान
## अदाणी ग्रुप और एम्ब्रेयर में रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत के स्वदेशी विमान निर्माण को बड़ा बढ़ावा देने के लिए अदाणी ग्रुप और ब्राजील की प्रमुख विमान निमार्ता कंपनी एम्ब्रेयर ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत भारत में क्षेत्रीय विमानों के लिए निर्माण सुविधा और फाइनल असेंबली लाइन स्थापित की जाएगी। दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय परिवहन विमानों को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के निदेशक जीत अदाणी ने कहा कि एम्ब्रेयर के साथ सहयोग से भारत में क्षेत्रीय विमान निर्माण सुविधा स्थापित की जाएगी। एम्ब्रेयर 150 सीटों तक क्षमता वाले वाणिज्यिक विमान बनाती है। हालांकि, प्रस्तावित निवेश और संयंत्र के स्थान से जुड़ी जानकारी फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है।



### यह सहयोग केवल विमान असेंबली तक सीमित नहीं

नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सहयोग केवल विमान असेंबली तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें तकनीक हस्तांतरण, कौशल विकास, मजबूत सप्लाई चेन और भारत को क्षेत्रीय विमानों का भरोसेमंद निर्माण केंद्र बनाने की योजना भी शामिल है।

इस साझेदारी के साथ अदाणी ग्रुप, जो पहले से भारतीय विमानन क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति रखता है, अब भारत में विमान निर्माण के क्षेत्र में प्रवेश करेगा। जीत अडानी ने बताया कि निर्माण इकाई के लिए कुछ स्थानों पर विचार किया जा रहा है और अगले कुछ महीनों में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि भारत में निर्माण और विकास की अपार संभावनाएं हैं और क्षेत्रीय परिवहन विमानों की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि यह सहयोग दक्षिण एशियाई बाजार के लिए भी विमान निर्माण के अवसर पैदा कर सकता है। अदाणी डिफेंस के प्रेसिडेंट और सीईओ आशीष राजवंशी ने इस साझेदारी को देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण मोड़ बताया। एम्ब्रेयर के अनुसार, भारत में अगले 20 वर्षों में 80 से 146 सीटों वाले कम से कम 500 विमानों की जरूरत होगी।

# निर्मला सीतारमण पेश करेंगी 15वां केंद्रीय बजट, महिला वित्त मंत्री के रूप में नौवीं बार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह देश का 15वां बजट होगा और पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री के रूप में उनका नौवां बजट भी। मोदी सरकार के कार्यकाल में पेश किए गए बजटों में जहां ब्रिटिश दौर की कई पुरानी परंपराओं को खत्म किया गया, वहीं आम जनता से लेकर उद्योग जगत तक के लिए कई अहम फैसले और बड़े आर्थिक सुधार लागू किए गए। मोदी सरकार साल 2014 से अब तक कुल 14 बजट पेश कर चुकी है, जिनमें चुनावी वर्षों में पेश किए गए दो अंतरिम बजट भी शामिल हैं। पहले कार्यकाल के दौरान तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने लगातार पांच बार बजट पेश किया। लोकसभा चुनाव के कारण फरवरी 2019 में अंतरिम बजट पेश किया गया, जिसके बाद जुलाई 2019 में पूर्ण बजट प्रस्तुत किया गया।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई 2024 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 13वां बजट था। वहीं 1 फरवरी 2025 को वित्त मंत्री ने 14वां बजट पेश किया था। अब 1 फरवरी 2026 को निर्मला सीतारमण मोदी सरकार का 15वां बजट पेश करेंगी। यह पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री के रूप में उनका नौवां बजट होगा। मोदी सरकार के अब तक के बजटों में जहां ब्रिटिश कालीन परंपराओं को तोड़ा गया, वहीं कर व्यवस्था, कल्याण योजनाओं, निवेश, बुनियादी ढांचे और सामाजिक नीतियों से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए, जिनका असर आम नागरिक से लेकर उद्योग जगत तक पड़ा है।

# वैश्विक उथल-पुथल में सोना-चांदी चमके
# चांदी 3.59 लाख, सोना ऑल-टाइम हाई

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में ऐतिहासिक उछाल। एमसीएक्स पर चांदी 3.59 लाख रुपये/ और सोना 1.59 लाख रुपये/10ग्रा के पार। वैश्विक बाजारों में मची उथल-पुथल और अनिश्चितता के बीच भारतीय सराफा बाजार में मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी दर्ज की गई। निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश की तलाश में सोने और चांदी की कीमतों ने अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (टउ) पर चांदी का भाव 3.59 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार निकल गया, जबकि सोना 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के बेहद करीब पहुंच गया है। बाजार के जानकारों का कहना है कि यह तेजी भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका में बदल रही आर्थिक नीतियों के डर का नतीजा है।



**एमसीएक्स पर तेजी से बढ़े भाव :** मंगलवार को वायदा कारोबार में चांदी में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। मार्च डिलीवरी वाली चांदी 25,101 रुपये यानी 7.5 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,59,800 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ही चांदी ने पहली बार 3 लाख रुपये का आंकड़ा पार किया था और एक हफ्ते में इसमें 16.3% की तेजी आ चुकी थी।

वहीं, सोने की चमक भी और बढ़ गई है। फरवरी कॉन्ट्रैक्ट वाला सोना 3,783 रुपये (2.42%) उछलकर 1,59,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए 'लाइफ-टाइम हाई' पर पहुंच गया। पिछले एक हफ्ते में सोने की कीमतों में 9.5% यानी करीब 13,520 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है।

**ग्लोबल मार्केट में मुनाफावसूली, लेकिन रिकॉर्ड कायम :** जहां भारतीय बाजार में कीमतें चढ़ रही थीं, वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार को उच्च स्तरों पर मुनाफावसूली देखी गई। मार्च डिलीवरी वाली चांदी 6.27% गिरकर 108.26 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, हालांकि इससे पहले इसने 117.26 डॉलर प्रति औंस का रिकॉर्ड बनाया था,। इसी तरह, सोना भी 5,107.9 डॉलर का रिकॉर्ड छूने के बाद मामूली गिरावट के साथ 5,096.05 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### तेजी की मुख्य वजह: 'सेफ-हेवन' की तलाश

विश्लेषकों के अनुसार, इस अभूतपूर्व तेजी के पीछे वैश्विक कारण जिम्मेदार हैं:

**ट्रंप का 'टैरिफ वार' डर:** मेहता इक्विटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटीज) राहुल कलंत्री बताते हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दक्षिण कोरियाई आयात पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों ने बाजार के सेंटीमेंट को प्रभावित किया है।

**सॉवरेन बॉन्ड्स पर घटा भरोसा:** कलंत्री के अनुसार, राजकोषीय अनुशासन और नीतिगत विश्वसनीयता को लेकर बढ़ती चिंताओं ने सॉवरेन बॉन्ड्स और करंसी (मुद्रा) पर निवेशकों का भरोसा कम किया है, जिससे वे सोने-चांदी की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं।

**डीबेसमेंट ट्रेड:** रिलायंस सिक्योरिटीज के जिगर त्रिवेदी का कहना है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारी सरकारी खर्च को देखते हुए निवेशक बॉन्ड्स से पैसा निकालकर 'रियल एसेट्स' में लगा रहे हैं, जिसे 'डीबेसमेंट ट्रेड' कहा जा रहा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- केवल 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का-भोजन करने वाले शेरों ने साल 1898 में केन्या-युगांडा रेलवे में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।
- क्या आप जानते हैं? जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।
- अफ्रीकी शेर बड़े जानवरों को खाते हैं जो की घास के मैदानों में पाए जाते हैं, जिनमें हिरन, जेबरा और अजीब तरह के प्राणी शामिल है।
- आपको जानकर हैरानी होगी की साल 2002 में, संरक्षणवादी लोगों के आश्चर्य की बात है, एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें।

**वृष:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

**मिथुन:** जीवनसाथी का कार्यों में सहयोग मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। अनुकूल समाचार आएंगे। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे।

**कर्क:** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें।

**सिंह:** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा।

**कन्या:** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें।

**धनु:** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

**मकर:** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा।

**कुंभ:** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**मीन:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

## चुटकुले

टीचर: पप्पू, बताओ "Vacation" क्या होता है?
पप्पू: जब दिमाग बंद और मोबाइल चालू हो!
टीचर: पढ़ाई कब?
पप्पू: अगले Vacation में!

-------------

पत्नी: सुनो जी, मैं तुमसे नाराज हूँ!
पति: क्यों?
पत्नी: क्योंकि तुम ध्यान नहीं देते।
पति: देता हूँ, पर सही टाइम पर गलत जगह!

-------------

दोस्त: भाई, तू इतना शांत क्यों है आज?
गोलू: क्योंकि आज बहस नहीं हुई।
दोस्त: कैसे?
गोलू: बीवी Wi-Fi की रेंज से बाहर है!

-------------

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे काम करते ही नींद आने लगती है।
डॉक्टर: कब से?
मरीज: जब से नौकरी लगी है।
डॉक्टर: समस्या समझ गया!

28 01 2026 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# श्री राम कथा के द्वितीय दिवस पर कविनगर रामलीला मैदान भक्तिभाव में डूबा
# विजय कौशल जी महाराज की अमृतवाणी से गूंजा राम जन्म प्रसंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। पूज्य विजय कौशल जी महाराज की अमृतवाणी से हजारों श्रद्धालु आध्यात्मिक रस में सराबोर हो गए। कथा का मुख्य केंद्र प्रभु श्रीराम का जन्म प्रसंग, धर्म, कर्तव्य, त्याग और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श रहे। इस भव्य आयोजन का आयोजन मंगलमय परिवार, गाजियाबाद द्वारा किया जा रहा है। दूसरे दिन भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कथा के आध्यात्मिक प्रभाव और लोकप्रियता को दशार्या। कथा का शुभारंभ मंगलाचरण, गुरु वंदना और भजन-कीर्तन से हुआ। जैसे ही महाराज जी मंच पर विराजमान हुए, पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा।







पूज्य महाराज जी ने प्रभु श्रीराम के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम का अवतरण केवल ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्स्थापना और अधर्म के विनाश का दिव्य संकल्प था। उन्होंने बताया कि श्रीराम का जीवन सत्य, करुणा, मयार्दा, कर्तव्य और त्याग का सर्वोच्च उदाहरण है, जिसे आज के युग में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

कथा के दौरान भक्ति की सच्ची परिभाषा, गृहस्थ जीवन का महत्व, रामायण का सामाजिक संदेश और राम नाम की महिमा पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। महाराज जी ने कहा कि भक्ति केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना भी भक्ति का ही स्वरूप है। कथा स्थल पर अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर निर्मित विशेष अयोध्या-थीम परिसर एवं प्रदर्शनी मंडप श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रदर्शनी में राम मंदिर आंदोलन के इतिहास और निर्माण यात्रा को चित्रों व दस्तावेजों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा, हनुमत कथा विशेषज्ञ अरविन्द ओझा, मनोकामना धाम से जीवन ऋषि महाराज तथा पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही सहित अनेक संत, विद्वान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दूसरे दिन की कथा में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता और सुरक्षा की उत्तम व्यवस्थाएं की गई थीं।

# गणतंत्र दिवस पर पुलिस कमिश्नर के आमंत्रण में जुटे गाजियाबाद के प्रमुख जनप्रतिनिधि


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने अपने निवास पर गाजियाबाद के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों को विशेष हाई-टी कार्यक्रम में आमंत्रित किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, महापौर सुनीता दयाल, सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, विधायक मुरादनगर अजित पाल त्यागी, लोनी नंद किशोर गुर्जर, शहर संजीव शर्मा, पूर्व डीजीपी डीएस चौहान, पूर्व आईपीएस प्रेम प्रकाश, यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पीएन अरोड़ा, यशोदा अस्पताल के एमडी दिनेश अरोड़ा, रजत अरोड़ा, और संतोष अस्पताल के चेयरमैन डॉ. महालिंगम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने चाट-पकौड़ी और अन्य व्यंजनों के बीच आपसी बातचीत की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर





चर्चा हुई और आपसी समन्वय को और मजबूत बनाने की बात हुई। लोगों ने पुलिस कमिश्नर के इस कदम की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल बेहतर होता है। बता दें कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड न केवल शहर में बेहतर पुलिसिंग कर रहे हैं, बल्कि जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच उनके मधुर व्यवहार की भी प्रशंसा हो रही है। प्रबुद्धजन मानते हैं कि ऐसे मिलन कार्यक्रम और जनता के साथ घनिष्ठ संपर्क से गाजियाबाद में सुरक्षा और प्रशासन दोनों मजबूत होते हैं।

# गाजियाबाद के स्टूडेंट के प्रोजेक्ट को मिली फंडिंग अमन गुप्ता ने किया 60 लाख रुपये निवेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शार्क टैंक के हालिया एपिसोड में गाजियाबाद के 13 साल के जयवर्धन त्यागी ने एक एआई बेस्ड हेल्थटेक प्रोजेक्ट पेश किया। जयवर्धन ने न्यूरापैक नाम का स्टार्टअप शुरू किया है। इस स्टार्टअप को फंडिंग भी मिली है और इंटरनेट पर इसकी चर्चा भी हो रही है। आसान भाषा में कहें तो यह प्लेटफॉर्म स्कैन, मेडिकल इमेज और लैब रिपोर्ट जैसे डेटा को पढ़कर पैटर्न पहचानने की कोशिश करता है।

इसके बाद सिस्टम डॉक्टर को एक स्ट्रक्चर्ड रिपोर्ट देता है, जिससे शुरूआती डायग्नोसिस और केस-प्रायोरिटी तय करने में मदद मिल सकती है। आज हेल्थकेयर में डॉक्टर्स पर बढ़ता डेटा एक्स्ट्रा लोड की तरह है। बड़े अस्पतालों में हर दिन सैकड़ों स्कैन आते हैं। हर इमेज को मैन्युअली पढ़ने में समय लगता है। इसी गैप को भरने के लिए दुनिया भर में एआई ऐसिस्टेड रेडियोलॉजी टूल पर काम चल रहा है।

इस स्टार्टअप को फिलहाल कंप्लायंस, सर्टिफिकेशन और मेडिकल वैलिडेशन की काफी जरूरत है। अमन गुप्ता ने 60 लाख रुपये निवेश किया है और इसके बदले उन्हें कंपनी ने 5 प्रतिशत की इक्विटी दी गई है।

# राणा प्रताप स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** स्थानीय राणा प्रताप हा० सै० स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. पूनम शिशौदिया द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया।



मां सरस्वती की वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं–प्रिया, अनाया, सोफिया, डिम्पी, दिपांशी, मिस्टी, निमरा, परी, गौरी, याशी, इंशा और गगनदीप ने 'देश मेरा', 'लहरा दो' और 'शुभ दिन आयो रे' जैसे देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य और गायन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह में जोश भर दिया। प्रधानाचार्या डॉ. पूनम शिशौदिया ने कहा, गणतंत्र दिवस हमें हमारे गौरवशाली संविधान और अधिकारों की याद दिलाता है।

समारोह के विशेष आकर्षण के रूप में विद्यालय के 20 मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 'स्टार ऑफ द मंथ' बैच देकर सम्मानित किया गया।



# MTRA और खत्री सभा ने फहराया तिरंगा शंकराचार्य के अपमान पर जताया रोष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर शहर के प्रमुख व्यापारिक संगठन टळफअ एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन तथा खत्री सभा गाजियाबाद द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु परम पूज्यनीय शंकराचार्य और सरकारी प्रशासन के बीच बढ़ते विवाद पर गहरा दुख प्रकट किया गया। उपस्थित जनसमूह ने प्रशासन द्वारा शंकराचार्य जी के शिष्यों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। सभा ने सरकार से मांग की कि धार्मिक गरिमा का सम्मान करते हुए इस विवाद को तुरंत संवाद के माध्यम से सुलझाया जाए। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इनमें मुख्य रूप सेः चेयरमैन महेश आहूजा, अध्यक्ष राकेश जैन, स्वतंत्र चौधरी, बलदेव सिंह, गुरमीत सिंह, हिमांशु जैन, शिवकुमार तिवारी, अशोक शर्मा और रमेश शर्मा।

शिवकुमार अरोरा, विजय अरोरा, रिचा सूद, जी.के. सरना, संदीप मेहरोत्रा एवं अरोरा जी सहित कई अन्य देशभक्त शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता के जयकारों के साथ हुआ।

# बीएल इंटरनेशनल स्कूल में त्रिवेणी संगमः गणतंत्र दिवस, यूपी स्थापना दिवस और जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती की धूम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गगन विहार स्थित बीएल इंटरनेशनल स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस और भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सतीश सैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के संयोजक और स्कूल मैनेजर जितेंद्र सैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्व पार्षद (वार्ड 66) तेजपाल राणा और पूर्व पार्षद (वार्ड 20) विनोद कसाना ने उत्तर प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और इसके स्थापना दिवस की महत्ता से सभी को अवगत कराया। पूर्व पार्षद (वार्ड 29) हरवीर प्रधान ने संविधान की शक्ति और गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्रवासियों को











शुभकामनाएं दीं।

समारोह में मुख्य रूप से वार्ड-5 पार्षद पति संदीप सरदार, महामंत्री राजकुमार चंदेला, उदयवीर (भोला), उपाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, कपिल मावी, योगेश शर्मा, मंत्री हरपाल परेवा, रितु सरीन, दीपक उपाध्याय, मीडिया प्रभारी जुगेश पांडे और महानगर सदस्य ब्रह्मपाल चंदेला उपस्थित रहे।

इनके अलावा मास्टर अरुण सैन, एडवोकेट कृष्ण सैन, निमेष चंदेला, दुर्गेश प्रजापति, बबीता कसाना, सुदेश, बबीता कश्यप, राहुल पंडित, लकी जाटव, बृजेश पाठक, संदीप राठौर और सुमित चंदेला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी सैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफ की पीठ थपथपाई और सुंदर प्रस्तुतियों की बधाई दी।

## साल में पहली बार गिरे ओले,ठंड में बढ़ोत्तरी

**नोएडा।** शहर में मंगलवार को दिनभर बूंदाबांदी होती रही। दिनभर बादलों से घिरे आसमान ने ठंड बढ़ा दी, लेकिन बारिश का असर शहर वायु प्रदूषण पर नहीं दिखा। बारिश होने के बाद भी ग्रेनो का वायु गुणवत्ता सूचकांक 340 और नोएडा का 331 दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं ने शहरवासियों की कंपकपी बढ़ा दी तो वहीं दिनभर लोग जलभराव-जाम से भी जूझते नजर आए। पिछले तीन दिन से ग्रेटर नोएडा की हवा रेड जोन से बाहर थी। मंगलवार को बारिश होने के कारण वायु प्रदूषण में सुधार की उम्मीद थी लेकिन शाम तक नोएडा-ग्रेनो रेड जोन में यानी 300 पार पहुंच गया। उधर सुबह 10 बजे के बाद अचानक हल्की बारिश शुरू हो गई। दिनभर रूक-रूक बारिश होती रही। सर्द हवा के साथ बारिश ने तापमान गिरा दिया।

जहां न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में धूप न निकलने और तीन से चार दौर बारिश के होने पर ठंड से लोगों की कंपकपी छूटी।

# आजादी 'चुटकियों' में नहीं, 90 वर्षों के खूनी संघर्ष से मिलीः अरविंद तेवतिया





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संयुक्त व्यापार मंडल मेरठ मंडल कार्यालय, शास्त्री नगर में भारत का 77वां गणतंत्र दिवस बेहद हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस गौरवशाली अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया और केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अरविंद तेवतिया ने वर्तमान पीढ़ी और युवाओं के दृष्टिकोण पर गहरी चिंता व्यक्त की।

देशभक्ति के गीतों और उत्साह के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से सचिन देवानिया, नरेंद्र वीरवाल, राजकुमार सिंघल, ओमवीर सिंह, हैप्पी वीरवाल, अक्षय तेवतिया, देवेंद्र ठेकेदार, पवन चौहान, कालूराम अग्रवाल, कुंवर सिंह नेगी, इकबाल अहमद, गुड्डू कुमार, मुकेश तेवतिया, साहिल तेवतिया, सक्षम तेवतिया, राजेंद्र सिंह, संतरपाल शर्मा, वीरपाल प्रजापति और रमेश चौहान आदि शामिल थे।

# स्वामी कल्याण देव महिला कॉलेज में राजू पांचाल ने किया ध्वजारोहण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सहारनपुर स्थित स्वामी कल्याण देव विश्वकर्मा महिला डिग्री कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजू पांचाल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

ध्वजारोहण के उपरांत कॉलेज परिसर में राष्ट्रभक्ति का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर राजू पांचाल ने कॉलेज प्रबंधन और संस्था के सभी पदाधिकारियों के साथ आत्मीय भेंट की। चर्चा के दौरान उन्होंने शिक्षण संस्थान की प्रगति और महिला शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। राजू पांचाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व युवाओं में देशप्रेम की भावना को और प्रबल करते हैं।

इस अवसर पर संस्था के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





# उत्थान वाटिका अवंतिका में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्थान वाटिका, अवंतिका में 77वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर तिरंगा ध्वज फहराया गया तथा उपस्थित नागरिकों ने संविधान और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

कार्यक्रम की शुरूआत देशभक्ति गीतों एवं 'जय हिंद' और 'वंदे मातरम' के नारों के साथ हुई। बच्चों और युवाओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका समारोह का विशेष आकर्षण रही, जिसमें स्वतंत्रता, एकता, बलिदान और संविधान की महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

उत्थान समिति के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और सकारात्मक चेतना को मजबूती मिलती है।

उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# आग के ऊपर पेंट का डब्बा रखने से हुआ ब्लास्ट, पिता-पुत्र झुलसे


**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जू-1 में ठंड से बचने के लिए अलाव ताप रहे पिता-पुत्र थिनर का डब्बा आग पर रख दिया। जिससे गर्म होते ही डब्बा फट गया। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से झुलस गए।

ग्रेटर नोएडा सेक्टर जू-1 में ठंड से बचने के लिए घर के बाहर आग जलाकर ताप रहे पिता-पुत्र ने पेंट थिनर का डब्बा आग पर रख दिया। डब्बा गर्म होते ही उसमें जोरदार विस्फोट हो गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। धमाके की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों को उपचार के लिए शारदा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। सेक्टर जू-1 निवासी हरज्ञान सिंह पेशे से प्लंबर हैं। रविवार शाम करीब छह बजे वह अपने बेटे आयुष के साथ घर के बाहर अलाव जलाकर हाथ सेंक रहे थे। सर्दी अधिक होने के कारण आग को तेज करने के उद्देश्य से उन्होंने घर में रखा थिनर का पुराना डब्बा आग के पास रख दिया।

परिजनों के मुताबिक करीब दो वर्ष पूर्व मकान में पेंट का कार्य कराया गया था। उसी समय का थिनर का डब्बा घर में पड़ा हुआ था। आग की गर्मी से थिनर के डब्बे में दबाव बढ़ता गया और कुछ ही पलों में उसमें तेज धमाका हो गया।

विस्फोट इतना तेज था कि दोनों आग की लपटों की चपेट में आ गए। हरज्ञान सिंह और उनका बेटा आयुष गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के समय वहां मौजूद लोग भी सहम गए, लेकिन तुरंत साहस दिखाते हुए दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पड़ोसियों के अनुसार धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और घायलों को तुरंत नॉलेज पार्क स्थित शारदा अस्पताल भिजवाया। दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हालांकि जलने के कारण उनका इलाज लगातार जारी है। दोनों के हाथ के हाथ, पैर, चेहरा झुलसा है।




# 'श्री खाटू श्याम के लाडले परिवार समिति' ने कराया 4 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री खाटू श्याम के लाडले परिवार समिति (रजि.) ने इस वर्ष भी सामाजिक सरोकार की अपनी गौरवशाली परंपरा को जारी रखा। समिति द्वारा घंटाघर स्थित रामलीला मैदान के राम भवन में चार निर्धन कन्याओं के भव्य सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। यह समारोह न केवल धार्मिक श्रद्धा, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और गरिमा का भी प्रतीक बना।

समिति ने चारों कन्याओं का विवाह पूरे विधि-विधान और धूमधाम के साथ संपन्न कराया। नवविवाहित जोड़ों को नया जीवन शुरू करने के लिए समिति की ओर से उदारतापूर्वक कन्यादान दिया गया। उपहार स्वरूप प्रत्येक परिवार को पलंग, ड्रेसिंग टेबल, टीवी, फ्रिज, बर्तन, वस्त्र और दैनिक उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं। इतना ही नहीं, बेटियों की विदाई के समय समिति ने संबल प्रदान करते हुए उन्हें 21,000 रुपये का चेक भी प्रदान किया। विवाह समारोह के उपरांत रामलीला मैदान के प्रांगण में एक भव्य 'श्याम बाबा संकीर्तन' का आयोजन किया गया। विशेष पुष्पों से सजे सुंदर पंडाल में बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार किया गया और उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया गया। देर शाम तक चले भजनों के प्रवाह से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। संस्था द्वारा उपस्थित सभी भक्तों के लिए उत्तम भोजन व प्रसाद की व्यवस्था की गई।

इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में समिति के प्रमुख सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रणव सिंघल, दीपांशु गर्ग, वासु मित्तल, देव गुप्ता, ध्रुव सिंघल, विकास गर्ग, अभिषेक गर्ग, शिवम गुप्ता, स्पर्श अरोड़ा, कार्तिक गर्ग, अनमोल अग्रवाल, सक्षम सिंघल, अखिल अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, हर्ष बंसल, प्रतीक सिंघल, शुभम बंसल, दिग्विजय सिंह, नितेश गुप्ता, मयंक शर्मा, हर्ष गुप्ता, अनिल गर्ग, चेतन अग्रवाल, वासु गोयल सहित कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# पार्षद शिल्पा चौधरी ने वार्ड 61 में मनाया गणतंत्र दिवस





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद शिल्पा चौधरी ने वार्ड 61 वसुंधरा के विभिन्न सेक्टरों में ध्वजारोहण कर उपस्थित निवासियों को संबोधन कर 77वें गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की याद दिलाता है।
पार्षद शिल्पा चौधरी ने बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पार्षद प्रतिनिधि अशीष चौधरी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कहा कि यह दिन हमें देश की स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमें अधिकार और कर्तव्य दोनों देता है, और हमें इनका पालन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने देश के लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देता है, और हमें अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

## गणतंत्र दिवस पर पार्षद यशपाल पहलवान ने किया ध्वजारोहण



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पार्षद यशपाल पहलवान ने वार्ड 20 भोपुरा तुलसी निकेतन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगे के सम्मान के साथ देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की याद दिलाता है। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश के विकास और समृद्धि के लिए काम करने का आह्वान किया।

## गणतंत्र दिवस पर वसुंधरा वार्ड 54 में जश्न का माहौल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 54 के पार्षद सत्येंद्र चौधरी ने वार्ड के विभिन्न सेक्टर्स में झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस का जश्न मनाया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पार्षद सत्येंद्र चौधरी ने कहा कि आइए, इस पावन अवसर पर अपने संविधान के आदर्शों को आत्मसात करें और एक सशक्त, समृद्ध व विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की याद दिलाता है और हमें अपने देश के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है।

## गणतंत्र दिवस पर पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल एवं पूर्व पार्षद डा. मनोज गोयल ने वार्ड में विभिन्न जगहों पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश में मान्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों को और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य के बारे में बताया गया।

पार्षद कुसुम गोयल ने विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया, जिनमें कौशांबी सेंट्रल पार्क, कौशांबी प्लॉट एरिया की वेलफेयर एसोसिएशन, कौशांबी अंतरिक्ष टावर, कौशांबी जयपुरिया वेलफेयर संगठन, कौशांबी सेंट टेरेसा स्कूल, वैशाली सेक्टर एक साउथ साइड वेलफेयर, वैशाली सेक्टर वाले पार्क, वैशाली बुध विहार पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित और वैशाली सेक्टर एक कामना में आयोजित कार्यक्रम शामिल हैं। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश, देवेंद्र भार्गव, उर्मिला अरोड़ा, राजन मल्होत्रा, मिगलानी, एस आर सिंह, ममता कालरा, प्रीति भटनागर, सुभाष शर्मा, जीसी कपूर, घनश्याम गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, पवन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## पार्षद प्रीति अभिनव जैन ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर दिया देशभक्ति का संदेश





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 99 में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंदिरापुरम क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सहभागिता से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्षद प्रीति अभिनव जैन ने महागुण मेनशन फेज1 में ध्वजारोहण किया और देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्षद प्रीति अभिनव जैन ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की याद दिलाता है।

कार्यक्रम में बच्चों और सीनियर सिटीजन ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, वैभव पार्क में वंचित वर्ग के बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति नृत्य, नाटिका और अन्य मनोहारी प्रस्तुतियां दीं।

लोटस पॉन्ड सोसाइटी में सीनियर सिटीजन और बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पार्षद प्रीति जैन द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

## अपेक्स द रियो में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीता दिल



**गाजियाबाद (इंदिरापुरम):** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर इंदिरापुरम स्थित अपेक्स द रियो सोसाइटी में देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। सोसाइटी के निवासियों और अपेक्स ग्रुप के स्टाफ ने मिलकर राष्ट्रीय पर्व को बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि, भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश शर्मा (एडवोकेट) ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राष्ट्रगान की गूंज के साथ उपस्थित जनसमूह ने देश के वीरों को याद किया और तिरंगे को सलामी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए अपेक्स बिल्डर की ओर से विशेष उपहार भेंट किए गए। सतीश शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें देश का भविष्य बताया और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन ने न केवल देशभक्ति का संचार किया, बल्कि सोसाइटी के निवासियों के बीच आपसी भाईचारे को भी सुदृढ़ किया।

## पार्षद शशि खेमका ने वार्ड के विभिन्न स्थानों गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 94 सूर्य नगर के निगम पार्षद शशि खेमका ने सोमवार को वार्ड के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस का जश्न मनाया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पार्षद शशि खेमका ने कहा कि मुझे आशा है कि ए बी सी ब्लॉक सूर्यनगर, रामपुरी एवं अलकनंदा के सभी निवासियों ने सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस बहुत आनंद और उल्लास के साथ मनाया होगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की याद दिलाता है और हमें अपने देश के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है।

## युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन टेढ़ा ने स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फेस्टिवल के प्रतिभागियों को किया सम्मानित



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन टेढ़ा ने सुमेर कौशांबी में आयोजित स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फेस्टिवल में प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी प्रतिभा को निखारना हम सभी की जिम्मेदारी है। सचिन टेढ़ा ने पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह के साथ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने सफल कार्यक्रम के लिए अजीत सिंह व सुमेरु आरडब्ल्यूए समिति को बधाई और शुभकामनाएं दीं। नक्षत्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सचिन टेढ़ा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं।

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने देश की एकता अखंडता और स्वतंत्रता की शपथ दिलाई



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। झंडापुर वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने विभिन्न कार्यक्रमों में ध्वजारोहण किया और बच्चों को सम्मानित किया। यह आयोजन 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया गया था। ध्वजारोहण के दौरान पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की शपथ ली और लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बच्चों को सम्मानित करने के साथ-साथ, पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने देश के विकास और समृद्धि के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश की एकता और अखंडता की याद दिलाता है और हमें अपने देश के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है।

## पार्षद राधेश्याम त्यागी ने श्रीराम चौक पर किया ध्वजारोहण



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के वार्ड 57 में पार्षद राधेश्याम त्यागी ने श्री राम चौक पर झंडा रोहण कर रैली निकाली। इस अवसर पर पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि देश का यह दिन गौरव का है, जब हमने अपने देश को गणतंत्र के रूप में स्थापित किया था। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की शपथ ली और लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।
रैली में पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश की एकता और अखंडता की याद दिलाता है और हमें अपने देश के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने देश के विकास और समृद्धि के लिए काम करने का आह्वान किया।




## थानों और पुलिस कार्यालयों में लग रहे हैं गेट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार नए काम और आयाम बनाए जा रहे हैं। वहीं गणतंत्र दिवस का आयोजन होने के बाद अब नई तैयारी और थानो के काम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि बंगले पर हुई हाई-टी पार्टी ने जहां पूरा माहौल बदलने का काम किया है तो वहीं जिस तरह से लाइन से लेकर आवास तक माहौल फाइन वाला संदेश गया है उसके बाद कई और कयास भी लगाए जा रहे हैं। बताया तो यहां तक जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई बड़े और कड़े फैसले होने हैं। वहीं इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जहां पर भी नया काम हो रहा है, वहां पर कार्यालय व सभी थानों में अब बड़े गेट लगाए जा रहे हैं। इन गेट का मकसद है कि न सिर्फ सुरक्षा वाला भाव रहे बल्कि अगर कोई आपात स्थिति रहती है, तो इन्हें बंद किया जा सके। साथ ही सुरक्षा को लेकर भी इसे मजबूत संदेश दिया जा सके। दरअसल कई बार ऐसी आपात स्थिति और सीन बन जाता है कि प्रदर्शनकारी या एंट्री वाले अलग वाले ही मूड में आ जाते हैं। ऐसे में उनको रोकने के लिए भी एक यह नया प्लान है। तो इसे बेहतर उपाय भी बताया जा रहा है। इसके होने से ना तो पुलिस का बहुत ज्यादा आमना-सामना होगा और ना विवाद वाली स्थिति तकरार के साथ देखने को मिलेगी। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस का भी अधिकांश काम लगभग पूरा हो गया है। जल्द ही दोनों एडिशनल सीपी वाले साहब लोग एक साथ बैठेंगे। तो ट्रैफिक वाले साहब भी प्रथम स्थल पर बैठाए जाएंगे। इन सबके साथ कई अन्य कार्यो की भी शुरूआत कर दी गई है। अब बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में फरवरी वाले महीने में दो से तीनों का रिनोवेशन वाला काम भी पूरा हो जाए और फिर इसके बाद बड़ी दावत का भी आयोजन किया जाएगा। अब सुनने में आ रहा है कि 15 फरवरी से पहले पुलिस कमिश्नरेट वाले तीन थानों में दोबारा से नए बोर्ड और कुछ अधिकारियों के नाम लिखे जाएंगे। देखना होगा कि इन सबके बीच लिस्ट वाला टविस्ट् पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम को कितना प्रभावित करता है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से यूजीसी वाला मामला गर्मा हुआ है, उसको देखते हुए लिस्ट में फिर देरी की प्रबल संभावना जताई जा रही है।




## राधा कुंज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। राधा कुंज आरडब्ल्यूए द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पर्व आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बृज विहार राधा कुंज ई ब्लॉक सेंट्रल पार्क में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एस.पी.जी यशराज सिसोदिया की माता शकुंतला सिंह अनुपमा सिंह रहे। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुभाष राणा, उपाध्यक्ष यादव चौधरी, सह सचिव विजेंद्र भारद्वाज, सह कोषाध्यक्ष मोहित पांडे, वरिष्ठ नेता देवेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र कौशिक, अजय त्यागी, पूनम त्यागी, बॉबी त्यागी के.पी सिंह दहिया, राजकुमार शर्मा, विक्रम सिंह सिसोदिया निर्मला सिंन्हा जी, श्रीमती सोमा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने गणतंत्र दिवस पर व्यापार मंडल कार्यालय पर किया ध्वजारोहण



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर व्यापार मंडल कार्यालय और पार्षद कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने सभी व्यापारी और वार्ड 83 के निवासियों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की याद दिलाता है। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश के विकास और समृद्धि के लिए काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी और सदस्य, वार्ड 83 के निवासी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## वसुंधरा व्यापार मंडल ने किया गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार मंडल की वसुंधरा व्यापार मंडल शाखा द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन विश्वकर्मा चौक, वसुंधरा में किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल और साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार सिंह राणा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष इरशाद खान सैफी को भी सदस्यता पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वसुंधरा अध्यक्ष संजय अरोड़ा, महामंत्री विपिन त्यागी और उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े विभिन्न गणमान्य सदस्य और व्यापारी उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम



Bhupinder Singh Rawat
4h

कल 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कुमाऊं समाज सेवा समिति (रजि०), सेक्टर 2 वैशाली, गाज़ियाबाद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक समारोह में हमें हमारे द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए बड़े भाईसाहब श्री Harish Mamgai जी द्वारा सम्मानित किया गया।
मैं इस सम्मान के लिए कुमाऊं समाज सेवा समिति के अध्यक्ष माननीय बड़े भाईसाहब श्री Harish Sah जी एवं उनकी समस्त टीम का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और समिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुमाऊँ समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामाजिक कार्यो के लिए युवा समाजसेवी भूपेन्द्र सिंह रावत को सम्मानित किया गया। सेवा, संवेदना और निरंतर जमीनी सक्रियता के बल पर उन्होंने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाले उनके प्रयास उन्हें एक जिम्मेदार सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में स्थापित करते हैं। सामाजिक वारियर का सम्मान बढ़ाती ये पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# लोहा मंडी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, डॉ. अतुल जैन ने किया ध्वजारोहण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल द्वारा लोहा मंडी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभक्ति का उत्साह चरम पर रहा और व्यापारियों ने एकजुट होकर तिरंगे को सलामी दी।

मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने ध्वजारोहण कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। तिरंगा फहराने के पश्चात उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया और देश की अखंडता व एकता की शपथ ली।



कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. अतुल कुमार जैन ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमें हमारे संविधान और अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उत्सव की खुशी में वहां मौजूद सभी लोगों के बीच मिष्ठान वितरित किया गया।

समारोह में सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जहाँ व्यापारियों के साथ-साथ भारी संख्या में कर्मचारी और मजदूर भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से: बृजनंदन गुप्ता, जयकुमार गुप्ता, सतीश बंसल, अविनाश चंद्र, सुधीर कौशिक, नितिन गोयल, गौरव मिगलानी, राजीव खन्ना आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# गणतंत्र दिवस पर वरिष्ठों का सम्मान व जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन किया गया वितरण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ग्रीन क्लीन वेलफेयर एसोसिएशन एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने संयुक्त रूप से 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहीद मेजर मोहित शर्मा की माता सुशीला शर्मा एवं पिता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान किया गया।

कार्यक्रम में देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें अंतराष्ट्रीय कवि आर पी शर्मा कवयित्री अर्चना मेहता, डी के शर्मा एवं दुर्गेश अवस्थी ने भाग लिया।




इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जनहित के दृष्टिगत कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को आदर्श व्यक्ति सम्मान 2026 दिया गया।

# महर्षि दयानंद विद्यापीठ में गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति की लहर, मेधावी छात्र सम्मानित








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविंदपुरम स्थित महर्षि दयानंद विद्यापीठ में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि रवींद्र त्यागी (सीएमडी-कृष्णा ग्रुप ऑफ कंपनी एवं वाइस चेयरमैन-बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया) ने ध्वज फहराकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

ध्वजारोहण के पश्चात छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, समूह गान और लोक नृत्यों के माध्यम से भारत की विविध संस्कृति की झलक पेश की। नन्हे मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से देश को विकसित बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रवींद्र त्यागी ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्रांतिकारियों के बलिदान की बदौलत ही आज हम स्वतंत्र हवा में सांस ले रहे हैं।

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शैक्षणिक व अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

प्रधानाचार्या डॉ. सीमा सेठी ने विद्यार्थियों को संविधान का प्रहरी बताते हुए कहा कि संविधान के मूल्यों को आचरण में उतारना ही सच्ची देशभक्ति है।

कार्यक्रम में विद्यालय संरक्षक व पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, अध्यक्ष सुभाष त्यागी, प्रबंधक/सचिव राजेश पाल, कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग, के.के. गुप्ता, राजीव त्यागी, सतीश शर्मा, मलकीत सिंह जस्सर, अवधेश वत्स, निदेशक शचींद्रनाथ त्यागी और प्राइमरी विंग की प्रधानाचार्या कोमल त्यागी सहित समस्त शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन 'वन्दे मातरम्' के साथ हुआ।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण

**उपाध्यक्ष का स्पष्ट संदेश – 'प्राधिकरण की कार्यप्रणाली सिर्फ अमीरों तक सीमित नहीं, गरीब व कमजोर वर्ग के लिए कार्य करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी'**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में प्राधिकरण के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारी एवं श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान गाया गया तथा संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।









इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का मूल उद्देश्य केवल भवन, सड़कों अथवा योजनाओं का विकास करना नहीं है, बल्कि आम नागरिक के जीवन को सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना है।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। इससे न केवल जनता का विश्वास प्राधिकरण पर मजबूत होगा, बल्कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एक जन-विश्वास आधारित संस्था के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष द्वारा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा राष्ट्र निर्माण में अपने-अपने दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाने का संकल्प लिया गया।

# गणतंत्र दिवस पर सपा महानगर अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

## हमें ऐसा भारत बनाना है जहां गरीब को समान अवसर मिले : वीरेंद्र यादव

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव पार्क जी टी रोड साहिबाबाद के प्रांगण में समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया और सभी साथियों ने राष्ट्रगान गाया।





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने कहा कि हमें ऐसा भारत बनाना है जहां गरीब से गरीब व्यक्ति को भी संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करने का अवसर मिले और वह भी यह महसूस करे कि मेरी बात का भी कुछ महत्त्व है।

कार्यक्रम का संचालन लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष शिक्षाविद राम दुलार यादव ने किया। इस अवसर पर अनीता सिंह, संजू शर्मा, धर्मवती, अनामिका यादव, इंजी धीरेन्द्र यादव, अमरुद्दीन, संजय, हन्नान रसूल, प्रताप पाल, उपेन्द्र गुप्ता, महेन्द्र यादव, दिलीप शर्मा, रविन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, साजिद मलिक, गुल मोहम्मद, फिरोज प्रधान, डादेव कर्ण चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक समाज ने कराया गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ नागरिक समाज गौतमबुद्धनगर द्वारा बीटा 2 मार्केट स्थित वरिष्ठ नागरिक समाज कार्यालय के प्रांगण में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा फहराने के साथ हुई, जिसके बाद सम्मानित सदस्यों द्वारा राष्ट्र भक्ति गीतों से युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



इस अवसर पर मिष्ठान वितरण के उपरांत समारोह का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश कुमार राघव, महामंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमनपाल सिंह, उपाध्यक्ष उर्वशी सिंह, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंहल, सहसचिव महीपाल सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष अवधेश कुमार सक्सेना आदि वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# संतोष हॉस्पिटल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष हॉस्पिटल, गाजियाबाद में 26 जनवरी 2026 को भारत का 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्ष, उल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर को तिरंगे रंगों से सजाया गया और पूरे वातावरण में देशप्रेम का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके उपरांत राष्ट्रगान गाया गया।

इस अवसर पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को देश के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा मरीजों की सेवा अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार पूरी निष्ठा, समर्पण और करुणा भाव से करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मनीष सब्बरवाल जी ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी समाज की सेवा की पहली पंक्ति में खड़े होते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. श्वेता चौधरी, जीएम मार्केटिंग ने अपने संबोधन में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को उनके द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट सेवाओं एवं देश निर्माण में सहभागिता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस गरिमामय कार्यक्रम में मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. अल्पना अग्रवाल ने कहा की सभी को मिलके इक स्वस्थ राष्ट्र बनाना है। डॉ अशोक ने सभी स्टाफ को शुभकामनाएं दी। डॉ देबू सरकार, डॉ अंजने वत्स ने संतोष हॉस्पिटल की ओर से सभी को शुभकामनाएं दी । संतोष हॉस्पिटल प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों, चिकित्सकों और स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी एकजुटता और सेवा भावना से संस्थान समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाता रहेगा।

# देशभक्ति और सेवा का संगम : हिंडन सिविल डिफेंस ने किया ध्वजारोहण और फल वितरण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सिविल डिफेंस हिंडन गाजियाबाद के द्वारा प्रभागीय कार्यालय राजेन्द्र नगर सेक्टर 3 में डिविजनल वार्डन ए के ठाकुर/ए के जैन के द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया गया। इसके बाद लड्डू खिलाकर लोगों को शुभकामनाएं दी गईं।



कार्यक्रम के बाद, लाल बहादुर शास्त्री अनाथ आश्रम में जाकर बच्चों को फल और मिठाई वितरण की गई और उनके साथ खुशियां मनाई गईं। इस अवसर पर सिविल डिफेंस हिंडन गाजियाबाद के सदस्यों ने देश की एकता और अखंडता की शपथ ली।

# आईएमएस में गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने ली शपथ








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेस कैंपस) में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) जसकिरण कौर एवं सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया ।इसके पश्चात राष्ट्रगान का गायन हुआ। इस दौरान आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया भी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर छात्र परिषद एवं सुरक्षा विंग द्वारा परेड एवं गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में निदेशक प्रो. (डॉ.) जसकिरण कौर ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान में निहित मूल्यों - न्याय, समानता और स्वतंत्रता - को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। अंत में फ्लैश मॉबए सामूहिक फोटोग्राफ और मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन कपिल चौधरी, डॉ मोनिल अरोरा, प्रो. तृप्ति गोयल, डॉ. तनुश्री चटर्जी, प्रो. अर्चना गुप्ता एवं प्रो. सुधा चतुर्वेदी द्वारा किया गया। पूरे आयोजन में देशभक्तिए एकता और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# गाजियाबाद के लोनी में बाइक से जा रही महिला को मारी गोली

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी इलाके से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। लोनी के लालबाग कॉलोनी में लालबाग पुलिस चौकी से महज पचास मीटर की दूरी पर बेखौफ बदमाशों ने बाइक पर सवार महिला संजना देवी को गोली मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर दिल्ली के जीटीबी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वारदात के वक्त वह अपने पति के साथ जा रही थी। इसी दौरान इस वारदात को अंजाम दिया गया।



घटना को लेकर कॉलोनी के सैकड़ों लोगों ने लालबाग पुलिस चौकी जाकर पुलिस की सुस्ती पर सवाल उठाए। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस की ओर से मामले में सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।

लालबाग के बी ब्लॉक में रहने वाले हरिशंकर दिल्ली में एक कंपनी में प्राइवेट जॉब करते हैं।

हरिशंकर अपनी पत्नी संजना देवी (35) के साथ रविवार शाम सब्जी मंडी से सब्जी लेकर घर वापस आ रहे थे। हरिशंकर ने बताया कि सब्जी मंडी से पुलिस चौकी पर कर कुछ दूर चले थे, इसी दौरान पीछे से किसी ने उनकी पत्नी पर फायर कर दिया।

# खोड़ा नगर पालिका में मना गणतंत्र दिवस, चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने किया ध्वजारोहण

## सफाई व्यवस्था को नई रफ्तार: 10 वार्डों को मिले ई-रिक्शा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन










**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगर पालिका में पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया आजादी का महापर्व। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। स्वच्छ खोड़ा के संकल्प को दोहराते हुए चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने क्षेत्र के 10 अलग-अलग वार्डों के लिए ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नगर पालिका कार्यालय के समीप और प्रमुख चौराहों पर सुबह से ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया और एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

जनता को संबोधित करते हुए चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने भावुक अपील करते हुए कहाः आजादी का यह महापर्व केवल एक सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि लाखों खोड़ा वासियों का अपना पर्व है। अंत में उन्होंने सफाई कर्मचारियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को भी सम्मानित किया। इस दौरान एसएफटी अभिकांत अग्रवाल, सुनील कुमार, जय नवनीत कुमार यादव सभासदों में चंद्र प्रकाश शर्मा, विनोद यादव, रीना देवी, लता देवी, भूषण यादव, अशोक कुमार, पोती लाल आदि नगर पालिका के अधिकारी, सभासद और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।




# भाजपा नेता कालू यादव ने गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता कालू यादव ने झंडा रोहण जेके मॉडर्न स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पूरे हर्षोल्लास, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एवं राष्ट्रगान के साथ की गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से उन्होंने राष्ट्र के प्रति अपना प्रेम और सम्मान प्रकट किया। यह आयोजन हमें हमारे संविधान के मूल मूल्यों–एकता, समानता और कर्तव्यबोध–की याद दिलाता है तथा विद्यार्थियों को जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# गणतंत्र दिवस पर कलेक्ट्रेट में फहराया गया तिरंगा

## देश प्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदना का दिया संदेश











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर उन्होंने भारत के संविधान की उद्देशिका की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में केडीबी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र हुआ और 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ। अल्प समय में देश ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे गौरव का विषय हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व अब केवल औपचारिकता नहीं रह गए हैं, बल्कि इनके माध्यम से नागरिकों में देश प्रेम और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की देश के प्रति जिम्मेदारी है– किसी की बड़ी, किसी की छोटी– लेकिन जिम्मेदारी सभी की है। इसलिए सभी को अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने तथा गरीब, लाचार और बेसहाय लोगों के प्रति मानवीय संवेदना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि समाज और जनपद को स्वस्थ, स्वच्छ और हरित बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्र में बच्चों और युवाओं को सक्षम बनाकर जनपद को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम में एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम एल/ए अविनाश सिंह, एडीएम ई ज्योति मोर्या, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, सीटीओ पुष्पांजलि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं सिविल डिफेंस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल (आईएएस) द्वारा विकास भवन परिसर में तथा जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों भगवागढ़ में ये सवाल आम चल रहे हैं? संगठन से जुड़े दो भगवा त्यागी चेहरे आजकल गायब चल रहे हैं? संगठन से लेकर समाजिक कार्यक्रमों में इनके नहीं हो रहे हैं दीदार? कहने वाले ने कहा शायद इन्होंने एडवांस में ये गाना गुनगुना शुरू कर दिया है यार? शिकवा नहीं किसी से, किसी से गिला नहीं? नसीब में नहीं था जो, हमको मिला नहीं?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सावंरिया जी की तरह आप भी करा सकते हो महाराज जी का प्रोग्राम? प्रोग्राम फाईनल कराने की गारंटी हम दे रहे हैं श्रीमान? बस छावड़ा ईवेंट वालों से करना होगा आपको सम्पर्क? वहां पर करानी होगी आपको अपनी तारीफ दर्ज? कहने वाले ने कहा ऐसा करते ही बन जायेगा आपका काम? अगर ना हो तो हमसे आप ले लेना छावड़ा जी का नंबर श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** संगठन में आने की तमन्ना देखने वाले चेहरे थोड़ा रहें सावधान? बैठेगी कोर कमेटी, उसमें चर्चा में आयेंगे कुछ नाम? विधायकों की सिफारिश को नहीं किया जा सकेगा इग्नोर? मजबूत रहेगा कोर में इन सबका बोर? कहने वाले ने कहा अगर ऐसा हुआ तो बड़े दिल वाले विधायक और हैवीवेट वालों का क्या? यहां तो भगवा कमांडर और गर्ग साहब का भी फिर चलेगा जोर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको अंदर की बात बता रहा हूं श्रीमान? पर्यवेक्षक के रूप में आगरा से आयेंगे मिस्टर चौहान? इनके सामने ही होगा पूरा संगठन का प्रोग्राम? मगर इतना सच है इनके प्रताप का किसी दूसरे प्रताप को नहीं मिलेगा लाभ? कहने वाले ने कहा ये संगठन के आदमी बताये जाते हैं? इनके सामने बारीकी से होंगे सारे काम? मैरिट पर होगा टीम में दावेदारों का सलेक्शन? यही भेजेंगे ऊपर तक सिलेक्टिड नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद जी के दिल में रखते है पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा विशेष वाला स्थान? ऐसा नजारा हमने तब देखा, जब कथा के मंच से उन्होंने पुकारा अजय शर्मा का नाम? दर्शकदीर्घा में बैठे पूर्व अध्यक्ष को बुलाया मंच पर अपने पास? कहने वाले ने कहा इससे ज्यादा भला कौन दिला सकता है अपनेपन का एहसास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को दे दी है किसी ने शहर विधानसभा से टिकट मांगने की सलाह? कराने वाले ने कराया है एहसास कि आप लाईनपार वाले क्षेत्र के अपने मकान में अपने नाम का बोर्ड लगा दो? वहीं से होना शुरू हो जायेगा आपका भला? ऐसा होने से मजबूत होगा आपकी दावेदारी का किरदार? हम तो चाहते हैं कि आप जैसा चेहरा बिरादरी का नाम फिर से रोशन करे बेशुमार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी थी लिट्टी–चोखे वाले प्रोग्राम पर नजर? हमने देखा जैसे ही हुई गर्ग साहब की मंच पर एंट्री? उनके साथ बैठा चेहरा उनके स्वागत में खड़ा तो हुआ? लेकिन ये चेहरा उनके लिए अपनी सीट को छोड़कर ना इधर गया ना उधर? कहने वाले ने कहा हम तो सोच रहे थे ये चेहरा देगा बड़े दिल का पैगाम? कहने वाले ने कहा कि इसमें कौन सी दिक्कत वाली बात है? गर्ग साहब ने भी कहां रखा है कभी इस चेहरे का ध्यान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगता है नदिया पार के कुल में दीप जलाने वाले मिस्टर कसाना को मंच पर डिप्टी सीएम के स्वागत को लेकर था कुछ खटका? हमने गौर से देखा वो अपनी जेब में ही डालकर लेकर आये थे स्वागत वाला पटका? शायद उनको था इस बात का एहसास? स्वागत के फूल देने को नहीं आयेंगे उनके हाथ? कहने वाले ने कहा जो भी हो कसाना जी ने शुरू कर दिया है ये नया वाला ट्रेंड? अब हर कोई अपनी जेब में पटका डाले? जब मंच पर करना हो किसी को अटेंड?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यहां नदिया पार के कसाना का चल गया था पटके वाला दांव? वहीं हम देख रहे थे नदिया पार मैम्बर भाटी को नहीं मिल रहा था उस हिसाब से भाव? वो माला हाथ में लेकर दिल ही दिल में कर रहे थे डिप्टी सीएम के गले में डलाने का प्रयास? मगर कोई भी उनको भाव नहीं दे रहा था खास? दिल के अरमान यूं आंसुओं में बह गये? ऐसी बात उनके विरोधी प्रोग्राम समापन के बाद कह गये?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हैवीवेट वालों के दिल में बहुत मजबूती से नदिया पार के भगवा मैम्बर अपनी उपस्थिति करते हैं डिजर्व? मगर हम देख रहे हैं जब आये डिप्टी सीएम लिट्टी–चोखे वाले प्रोग्राम में? तो इस चेहरे ने खुद को करके रखा रिजर्व? उपमुख्यमंत्री से लेकर इन्होंने तमाम जनप्रतिनिधियों से बनाकर रखी दूरी? समझ नहीं आया आखिर भगवा सौलंकी की क्या रही मजबूरी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## राइट गंज स्थित सरकारी क्रय-विक्रय समिति में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया

### किसानों और समिति पदाधिकारियों की रही सहभागिता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राइट गंज स्थित सरकारी क्रय-विक्रय समिति परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समिति के सभापति वीरेंद्र सारस्वत की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समिति के संचालकगण, किसान प्रतिनिधि एवं विभिन्न बैंकों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान हुआ तथा उपस्थित सभी लोगों ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

### किसान और राष्ट्र दोनों की सेवा हमारा दायित्वः वीरेंद्र सारस्वत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति वीरेंद्र सारस्वत ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान, लोकतंत्र और किसान हितों की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्रय-विक्रय समितियां किसानों की रीढ़ हैं और किसानों को पारदर्शी, समयबद्ध एवं न्यायसंगत सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## भाजपा महानगर कार्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस पर हुआ ध्वजारोहण

### संविधान, लोकतंत्र और मतदाता जागरूकता का लिया गया संकल्प





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भाजपा महानगर कार्यालय, नेहरू नगर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान हुआ तथा उपस्थित सभी लोगों ने संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा राजा वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल अधिकारों का नहीं, बल्कि कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता रक्क्ष अभियान के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची को अद्यतन कराने का कार्य करेंगे। फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं का पंजीकरण, छूटे हुए नामों को जोड़ने तथा योग्य नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक कर वोट बनवाने में हरसंभव सहयोग किया जाएगा।



क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने संविधान की मयार्दा, राष्ट्र की एकता और जनभागीदारी को मजबूत करने पर बल दिया।

पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा ने कहा कि गणतंत्र दिवस सेवा, समर्पण और संगठनात्मक एकता का प्रतीक है। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा राजा वर्मा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र की नींव जागरूक और जिम्मेदार मतदाता होते हैं। उन्होंने रक्क्ष अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने, संविधान के मूल्यों की रक्षा करने तथा संगठन के माध्यम से जनसेवा के संकल्प को दोहराया।

## ध्वजारोहण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने शहीद प्यारे लाल कालोनी में ध्वाजारोहण किया। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने अपने पिता स्वर्गीय शहीद प्यारे लाल शर्मा को भी याद किया। गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अन्य लोग भी शामिल हुए। इस अवसर पर सुरेन्द्र मुन्नी ने कहा कि देश की स्वाधीनता, स्वतंत्रता और आजादी सभी के योगदान से मिली है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

## लोहिया नगर को मिली स्वास्थ्य की सौगात

### पार्षद कुलदीप त्यागी ने किया 'अर्बन आरोग्य मंदिर चिकित्सालय' का उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड नंबर 69 के अंतर्गत आने वाले सी-ब्लॉक, लोहिया नगर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। क्षेत्रीय पार्षद कुलदीप त्यागी के विशेष प्रयासों से नवनिर्मित 'अर्बन आरोग्य मंदिर चिकित्सालय' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पार्षद कुलदीप त्यागी ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और निवासियों के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर पार्षद कुलदीप त्यागी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों को उनके घर के समीप ही प्राथमिक चिकित्सा और परामर्श उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है। अर्बन आरोग्य मंदिर के शुरू होने से स्थानीय निवासियों, विशेषकर बुजुर्गों और महिलाओं को बुनियादी इलाज के लिए दूर के अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

उद्घाटन समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व उत्तर रेलवे बोर्ड सदस्य प्रदीप त्यागी, डॉक्टर शुभम यादव, और डॉक्टर हिना चौहान उपस्थित रहे। आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए पंडित हरिशंकर शास्त्री और प्रभु सरदार सुजीत सिंह ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह के दौरान स्थानीय आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठनों का भी पूर्ण सहयोग देखने को मिला। आयोजन में मुख्य रूप से निम्नलिखित गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुएः आरडब्ल्यूए एवं संगठनः राकेश जैन (अध्यक्ष आरडब्ल्यूए), अंकित त्यागी (मंडल मंत्री, राजनगर)। प्रमुख सहयोगीः दीपक त्यागी, एम.एल. वर्मा, धीर सिंह यादव, जावेद खान, दिनेश चंद्र, यशपाल बजाज, राजबीर सिंह और मुकेश त्यागी।

दिनेश त्यागी, आर.सी. शर्मा, राजीव सिंह, रुपेश त्यागी, राकेश जी, अमित जी, परमजीत सिंह, शुक्ला जी, सुभाष माथुर, हरिओम त्यागी, एस.एन. श्रीवास्तव, रामेश्वर त्यागी, रमेश छिब्बर, उमेश त्यागी, कुमार, अजीम खान, तस्लीम, शुभम कुमार, इरफान सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पार्षद कुलदीप त्यागी का आभार व्यक्त किया और इसे वार्ड के विकास में एक मील का पत्थर बताया।

## दुर्घटना संभावित स्थलों पर पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए जाएं : एडीएम एफ/आर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जनपद में दुर्घटना की संभावनाओं को न्यून करना एवं रोकथाम के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करना रहा। बैठक हाल ही में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में निमार्णाधीन मॉल के बेसमेंट में जलभराव से हुई मृत्यु की घटना के दृष्टिगत आहूत की गई।

इस क्रम में जनपद के निमार्णाधीन मॉल, बहुमंजिला इमारतें, सड़कों पर खुले गड्ढे, तालाब, पोखर, सीवर, क्षतिग्रस्त डिवाइडर, पुल एवं अन्य सभी दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर निगम गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर पालिका परिषद मोदीनगर, विकास खंड रजापुर व भोजपुर, लोक निर्माण विभाग खंड-2, अग्निशमन विभाग, आवास एवं विकास परिषद सहित विभिन्न विभागों से सूचनाएं प्राप्त हुईं। जिन विभागों से सूचनाएं प्राप्त नहीं हुईं, उन्हें तीन दिवस के भीतर विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। एडीएम एफ/आर द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में पुनः दुर्घटना संभावित स्थलों का चिन्हांकन कर वहां ऐसे पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जिससे किसी भी स्थिति में दुर्घटना न होने पाए।

बैठक में कारखाना प्रभाग, उत्तर प्रदेश जल निगम, नगर निगम गाजियाबाद, नगर पालिका परिषद लोनी, अग्निशमन विभाग, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद, पुलिस, लोक निर्माण विभाग खंड-2, नगर विकास एवं नगर पालिका परिषद मुरादनगर के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

### 'भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें' का लिया जाएगा संकल्प

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2026 का आयोजन 30 जनवरी से 13 फरवरी तक किया जाएगा। अभियान के तहत कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समय पर पहचान सुनिश्चित करने तथा समाज में व्याप्त कलंक और भेदभाव को समाप्त करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।




जिला प्रशासन और जनपदवासियों ने 'विकसित भारत अभियान' के अवसर पर यह संकल्प लिया है कि जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। बताया गया कि कुष्ठ रोग की पहचान आसान है और यह पूर्णतः उपचार योग्य रोग है, आवश्यकता केवल समय पर जांच और इलाज की है।

अभियान के दौरान कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों की शीघ्र पहचान के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रयासों से कुष्ठ रोग से जुड़े सामाजिक कलंक को समाप्त कर प्रभावित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

इस क्रम में भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें के संदेश के साथ कलंक और भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता की प्रतिज्ञा भी दिलाई जाएगी।



# भारत-यूरोपीय संघ डील्स को पीएम ने बताया गेम चेंजर

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ के बीच लंबे समय से चल रही बातचीत आखिरकार सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। आज दोनों पक्षों के बीच जिस बड़े समझौते की घोषणा हो सकती है, उसे ह्यमदर ऑफ ऑल डील्सह्न कहा जा रहा है। भारत-ईयू मिलकर वैश्विक व्यापार का लगभग एक-पांचवां हिस्सा प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि दुनिया की करीब 25 प्रतिशत आबादी इन दोनों क्षेत्रों में रहती है। यह आंकड़े दोनों के बीच बढ़ते आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी के महत्व को दशार्ते हैं।

यूरोपीय संघ और भारत लंबे समय से आर्थिक समृद्धि, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इस साझेदारी में व्यापार और निवेश को केंद्रीय स्तंभ माना जाता है। आज होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में दोनों पक्षों के नेता एक संयुक्त व्यापक रणनीतिक एजेंडा को अपनाने पर सहमति जता सकते हैं। इसके साथ ही मुक्त व्यापार समझौते के तहत व्यापार से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत पहली बार 2007 में शुरू हुई थी, जिसे 2022 में दोबारा शुरू किया गया और सोमवार को इसे अंतिम रूप दे दिया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच बहुत बड़ा एग्रीमेंट हुआ है। दुनिया में लोग इसकी चर्चा मदर ऑफ ऑल डील के रूप में कर रहे हैं। ये समझौता भारत के 140 करोड़ लोगों और यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए बहुत बड़े अवसर लेकर आया है। ये दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का बड़ा उदाहरण बना है। ये समझौता वैश्विक जीडीपी के करीब 25 फीसदी को और ग्लोबल ट्रेड के एक तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है।

पीएम मोदी ने यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के साथ मुलाकात की। दोनों पक्षों के बीच हैदराबाद हाउस में बैठक शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने की उम्मीद है। यह बैठक भारत-ईयू शिखर सम्मेलन से पहले हुई, जिसे दोनों पक्षों के बीच रक्षा और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के रूप में देखा जा रहा है।





भारत-ईयू ने द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा क्षेत्र में सप्लाई चेन के एकीकरण के तरीकों पर चर्चा की है। यह मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूरोपीय संघ की विदेश व सुरक्षा मामलों की प्रमुख काजा कालास के बीच हुई बैठक में प्रमुखता से उठाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बैठक में द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। इसमें भरोसेमंद रक्षा इकोसिस्टम के निर्माण और भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं के विकास के लिए सप्लाई चेन को जोड़ने के अवसरों पर चर्चा शामिल रही।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने भारत और यूरोपीय संघके बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के साथ भारत और यूरोप ने इतिहास रच दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत और यूरोप के बीच मदर ऑफ ऑल डील्स संपन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के जरिए दो अरब लोगों के लिए एक विशाल मुक्त व्यापार क्षेत्र का निर्माण हुआ है, जिससे दोनों पक्षों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह केवल शुरूआत है और आने वाले समय में भारत और यूरोपीय संघ अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करेंगे।

करीब दो दशक के लंबे इंतजार और बातचीत के बाद, भारत और यूरोपीय संघ (ईये) ने आखिरकार ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दे दिया है। इसे व्यापार जगत की सबसे बड़ी संधियों में से एक माना जा रहा है, जो सीधे तौर पर भारतीय ऑटो बाजार और उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। इस समझौते के तहत यूरोपीय कारों पर लगने वाले भारी-भरकम टैक्स में बड़ी कटौती की गई है, जिससे भारत में लग्जरी गाड़ियों की कीमतें कम होने का रास्ता साफ हो गया है। इस समझौते की अहमियत बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ₹मदर ऑफ ऑल डील्स₹ (अब तक का सबसे ऐतिहासिक समझौता) करार दिया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने भारत-ईयू एफटीए को 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताते हुए कहा कि यह समझौता दोनों पक्षों में लाखों नौकरियों के अवसर पैदा करेगा।

वैश्विक अनिश्चितता और आपूर्ति शृंखला में बाधाओं के बीच भारत और यूरोपीय संघ (ने आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### दोनों पक्षों के बीच व्यापार और सुरक्षा को मिलेगा नया अध्याय

भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत के सफल समापन की घोषणा करने वाला दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने सुरक्षा व रक्षा साझेदारी समझौते और लोगों की आवाजाही के लिए व्यापक ढांचे से जुड़े समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि यह केवल व्यापारिक करार नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का नया खाका है। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर लेकर आएगा। यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने भी इस समझौते को ऐतिहासिक बताया। ईयू के नेता एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक है और इससे व्यापार, सुरक्षा तथा लोगों के आपसी संबंधों में नया अध्याय खुल रहा है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से दो अरब लोगों का साझा बाजार तैयार हो रहा है।

---

# सीएम योगी पर शंकराचार्य की टिप्पणी से आहत होकर डिप्टी कमिश्नर ने दिया इस्तीफा, बोले- योगी मेरे बॉस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ शंकराचार्य की ओर से की गई टिप्पणी से आहत होकर उपायुक्त कर अयोध्या प्रशांत सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने की घोषणा के बाद उपायुक्त कर प्रशांत सिंह ने कहा कि मैं राज्य कर विभाग में अयोध्या में डिप्टी कमिश्नर के पद पर कार्यरत हूं। बीते कुछ दिनों से शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ लगातार अपमानजनक टिप्पणी की जा रही हैं। मैं एक वेतनभोगी कर्मचारी हूं लेकिन मेरे अंदर भी दिल है। मैं देश के संविधान, राज्य व्यवस्था और देश की एकता के लिए इन टिप्पणियों को गैरजिम्मेदाराना मानता हूं। मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री मोदी एक लोकतांत्रितक व्यवस्था के तहत इन पदों पर बैठे हैं उन पर इस तरह की टिप्पणी करना आहत करने का वाला है।



उन्होंने कहा कि मैं सरकार के समर्थन में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के समर्थन और शंकराचार्य के विरोध में अपना इस्तीफा राज्यपाल जी को सौंप रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं एक नौकरीपेशा व्यक्ति हूं। मेरा जीवन इस सरकार के कारण चल रहा है वो मेरे बॉस हैं। ऐसे में जरूरी है कि जब सरकार के मुखिया पर कोई इस तरह की टिप्पणी करता है तो मैं विरोध करूं अतः मैं अपना इस्तीफा देता हूं।

प्रशांत सिंह ने कहा कि अभी बरेली के सिटी मजिस्ट्रेड ने सरकार के विरोध में इस्तीफा दिया जिस पर शंकराचार्य ने कहा कि हम आपको धर्म के क्षेत्र में बड़ा पद देंगे। ऐसा कहकर वो एक नई बहस को चला रहे हैं। जो कि सही नहीं है। वो लोगों को बरगलाकर इस्तीफा दिला रहे हैं। प्रशांत सिंह ने कहा कि मेरी मांग यही है कि देश, समाज, और राष्ट्र को चुने हुए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री चलाते हैं। ऐसे में इन लोगों के सम्मान के साथ खिलवाड़ न किया जाए क्योंकि जब उनका अपमान होता है तो कर्मचारी भी आहत होते हैं। हम उनके सेवक हैं क्योंकि हम लोग अपनी गाड़ियों पर उत्तर प्रदेश शासन लिखकर चलते हैं जिसका मतलब होता है कि हम सरकार के ही अंश हैं।

---

# गुजरात में आतंकी हमले की साजिश हुई नाकाम

### एटीएस ने उत्तर प्रदेश के युवक को पकड़ा

**अहमदाबाद।** गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड ने आतंकी साजिश को नाकाम करने में सफलता हासिल की है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर अल कायदा जैसे आतंकी संगठनों की विचारधारा से प्रभावित है और एक खास संगठन के लोगों को निशाना बनाने की साजिश रच रहा था। एटीएस ने आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया है, जो उसने गैरकानूनी तरीके से हासिल किया था।



एटीएस ने मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी है, लेकिन इतना बताया कि उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के डुंडावाला का रहने वाला युवक फैजान शेख, अभी गुजरात के नवसारी जिले के चारपुल में रह रहा था। एटीएस ने रविवार को उसे एक आतंकी साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया।

एक एटीएस अधिकारी ने बताया, 'जैश-ए-मोहम्मद और अल कायदा जैसे आतंकी संगठनों की विचारधाराओं से प्रभावित होने के बाद, शेख ने आतंक और डर फैलाने के लिए एक खास संगठन के लोगों की हत्या करने के लिए गैर-कानूनी तरीके से हथियार और गोला-बारूद खरीदे थे।'

पिछले साल नवंबर में, गुजरात एटीएस ने एक डॉक्टर सहित तीन लोगों को हथियारों और केमिकल की मदद से एक बड़ा आतंकवादी हमला करने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

---

# 'सुझावों का स्वागत है, लेकिन हंगामे से बचें' बजट सत्र से पहले सरकार की विपक्ष को दो-टूक

### 1 फरवरी को पेश होगा आम बजट

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा। इससे पहले मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। जिसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार संसद के बजट सत्र से पहले सभी राजनीतिक दलों के सुझाव सुनने को तैयार है। उन्होंने कहा कि चर्चा संसदीय नियमों के मुताबिक ही होनी चाहिए।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए रिजिजू ने कहा, 'नियमों के अनुसार, चर्चा सिर्फ बजट पर ही होनी चाहिए। सत्र की शुरूआत में राष्ट्रपति संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। उसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस होगी, जिसमें सभी दल हिस्सा लेंगे। सरकार हमेशा किसी भी सुझाव को सुनने के लिए खुश है।' उन्होंने आगे कहा कि सरकार हमेशा सुनने को तैयार है, लेकिन अगर हर बार विपक्षी दल हंगामा करते हैं और सदन नहीं चलने देते, तो समस्या पैदा होती है। इसके अलावा, टीडीपी संसदीय दल के नेता लावु श्री कृष्ण देवरायलु ने बताया कि उनकी पार्टी ने बैठक में तीन राष्ट्रीय मुद्दे और पांच आंध्र प्रदेश से जुड़े मुद्दे उठाए। इनमें भारत के एफटीए समझौते, 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया नियम और अमरावती राजधानी विधेयक शामिल हैं।



पत्रकारों से बातचीत में देवरायलु ने कहा कि हम तीन राष्ट्रीय मुद्दे और आंध्र प्रदेश से जुड़े पांच मुद्दे उठाना चाहते थे। पहला राष्ट्रीय मुद्दा भारत के एफटीए समझौतों से जुड़ा है, जिसमें भारत-ईयू एफटीए भी शामिल है। हम इस पर चर्चा चाहते हैं। दूसरा मुद्दा 16 साल से कम उम्र के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध का है। अगर ऑस्ट्रेलिया यह कर सकता है, तो भारत क्यों नहीं? राज्य का प्रमुख मुद्दा अमरावती राजधानी विधेयक है। हम चाहते हैं कि आंध्र प्रदेश की राजधानी को कानूनी समर्थन मिले।

यह बैठक संसद के मुख्य समिति कक्ष में हुई, बजट सत्र की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस बैठक में राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और प्रमोद तिवारी, एआईटीसी नेता शताब्दी रॉय, एमएनएम संस्थापक कमल हासन, तमिल मणिला कांग्रेस नेता जीके वासन, एसपी नेता रामगोपाल यादव समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा।

---

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम

## बारिश और सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में कड़ाके की ठंड के बीच हो रही बारिश ने मौसम के मिजाज को पूरी तरह से बदल दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा पहले ही दिल्ली के मौसम में बदलाव की चेतावनी जारी की गई थी, और 27 जनवरी के लिए बारिश को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया था। मंगलवार की सुबह कोहरे और धुंध के साथ हुई, जिसके बाद तेज बफीर्ली हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया।




पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को फिर से दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट ली है। तेज हवाओं के साथ शुरू हो गई है। बारिश का यह दौर दिनभर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए चेतावनी जारी की। इस दौरान मध्यम से भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई। बीते कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद एक बार फिर बारिश और आंधी-तूफान जैसी स्थिति बन सकती है। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

मौसम विभाग ने सुबह ही राजधानी दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और राजस्थान के कई इलाकों में तेज आंधी, गरज-चमक, बिजली गिरने और मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई थी। मौसम विभाग के अनुसार, हरियाणा के सफीदों, बरवाला, महम, खरखौदा और फरुखनगर, दिल्ली के नरेला, बवाना, अलीपुर, कंझावला, रोहिणी, मुंडका, जाफरपुर जैसे इलाकों में ओलावृष्टि के साथ तेज गरज-चमक और मध्यम से भारी बारिश होने की आशंका जताई। आईएमडी ने बताया है कि इन प्रभावित क्षेत्रों में हवाओं की गति 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है और बिजली गिरने जैसी घटनाओं का भी खतरा बना रहेगा।

बारिश के कारण दिन के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह के समय दृश्यता भी काफी कम रही, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

### दून में झमाझम बारिश, केदारनाथ धाम सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, कड़ाके की ठंड

**चमोली।** उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदलते ही राजधानी दून में झमाझम बारिश हुई तो वहीं केदारनाथ धाम सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।केदारनाथ धाम में देर रात्रि से चारों तरफ पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी हो रही है। ज्योर्तिमठ क्षेत्र में भी मौसम बदला हुआ है। ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी होने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार को एक बार फिर मौसम ने करवट ली। आसमान बादलों से ढक गया और ऊंची चोटियों पर बर्फबारी होने लगी। रूपकुंड, नंदा घुघुटी और त्रिशूल में लगातार बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग ने आज 27 जनवरी को देहरादून में मौसम के गंभीर होने की आशंका जताई है। जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट के अनुसार, क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है।



### हिमाचल में फिर बिगड़ा मौसम, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी, शिमला में बारिश

शिमला। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर भागों में आज बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर फिर से शुरू हो गया है। कई भागों में भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शिमला में भी बारिश हो रही है। वहीं बीते 24 घंटों के दौरान गोंदला में 22.0, कुकुमसेरी 21.3, कोठी 20.0, कोकसर 19.0, हंसा 15.0, केलांग 12.5, कल्पा 5.5, सांगला 1.8 व जोत में 1.0 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई। वहीं सलूणी में 9.3, मनाली 6.0, तीसा और सेऊबाग 1.0, सराहन 0.7 व रामपुर 0.6 में मिलीमीटर बारिश हुई। उधर, राज्य में बीते दिनों हुई बर्फबारी से अभी भी सैकड़ों सड़कें और बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सैलानियों को बर्फबारी वाले इलाकों में यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई है। साथ ही स्थानीय प्रशासन की ओर से समय-समय पर जारी एडवाइजरी का पालन करने को कहा गया है।



---

# अखिलेश यादव ने की ममता बनर्जी से मुलाकात, कहा- सिर्फ दीदी ही कर सकती हैं भाजपा का मुकाबला

**कोलकाता।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। यह मुलाकात कोलकाता में राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में हुई। अखिलेश यादव अपनी पत्नी और सांसद डिंपल यादव के साथ एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने कोलकाता आए थे। दोपहर करीब 1:40 बजे उन्होंने मुख्यमंत्री से उनके दफ्तर में बातचीत की।

**ममता बनर्जी की जमकर की तारीफ :** मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस देश में सिर्फ दीदी ही भाजपा के हमलों का डटकर मुकाबला कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ममता बनर्जी ने जांच एजेंसी ईडी (ईडी) को हरा दिया है और वह आने वाले समय में भाजपा को भी हराएंगी। अखिलेश कहा, इखढ अभी तक पेन ड्राइव खोने का दर्द नहीं भूल पाई है, यह कथित तौर पर उन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संदर्भ में था जिन्हें सीएम छापे के दौरान एजेंसी के तलाशी अभियान परिसर से बाहर लाई थीं।





**भाजपा पर साधा निशाना :** अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह समाज में फूट डालने की राजनीति करती है। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा इसके जरिए अपने वोट बढ़ाने के बजाय विरोधियों के वोट कम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए।

अखिलेश ने कहा कि बंगाल, बिहार और यूपी जैसे राज्यों में यह अभ्यास सिर्फ विपक्ष को कमजोर करने का एक जरिया बन गया है।

---

# आगरा में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल, संजय प्लेस में जोरदार प्रदर्शन...फाइव डे वर्किंग की मांग

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर अखिल भारतीय बैंक हड़ताल की गई। यह हड़ताल सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र, विदेशी, क्षेत्रीय ग्रामीण एवं सहकारी बैंकों में लागू रही।

हड़ताल के चलते बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने बड़े स्तर पर संजय प्लेस स्थित एलआईसी बिल्डिंग पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या बल में बैंक कर्मचारी मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में पांच दिवसीय बैंकिंग को लागू करने का आवाहन किया। आईबॉक के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अंकित सहगल ने स्पष्ट किया कि यह हड़ताल बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लंबित मांगों को लेकर की गई है। प्रमुख मांगों में बैंकिंग उद्योग में 5-दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करना, सभी शनिवारों को अवकाश घोषित करना तथा कर्मचारियों पर बढ़ते कार्यभार को कम करना शामिल है।यूएफबीयू आगरा संचालक गजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार सार्वजनिक बैंकों को कमजोर कर इसके जनहितकारी उद्देश्य को समाप्त करना चाहती है। समस्त बैंकर्स एवं जनता को भी एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी।



उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में हुए द्विपक्षीय समझौतों तथा 7 दिसंबर 2023 को हुए समझौते के अनुसार 5-दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किए जाने की सिफारिश पहले ही की जा चुकी है, लेकिन सरकार की ओर से अब तक इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। वर्तमान में सप्ताह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को बैंक बंद होते हैं परंतु आईबीए से हुए समझौते के अनुसार हर शनिवार को बैंक बंद होने थे।

# संजू सैमसन को मिलेगा मौका या श्रेयस होंगे प्लेइंग-11 का हिस्सा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम भले ही न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त ले चुकी है, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले उसके पास तैयारियां परखने के लिए दो ही मैच शेष हैं। भारत के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात संजू सैमसन की खराब फॉर्म है जो शुरूआती तीन मैचों में बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं और जल्दी अपना विकेट गंवा रहे हैं। सैमसन को अगर विश्व कप के लिए एकादश में अपना दावा पुख्ता करना है तो उन्हें हर हाल में रन बनाने होंगे।

तिलक की अनुपस्थिति से किस तरह हुआ सैमसन को फायदा?

भारत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में तिलक वर्मा उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि पेट की सर्जरी के बाद वह अब तक मैदान पर वापसी नहीं कर सके हैं। तिलक को पहले शुरूआती तीन मैचों से बाहर रखा गया था और फिर बीसीसीआई ने बताया दिया कि वह शेष दो मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध नहीं रहेंगे। तिलक की जगह श्रेयस अय्यर टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। पहले वह शुरूआती तीन टी20 के लिए शामिल थे, लेकिन अब बाकी के दो मैचों के लिए भी तिलक की जगह उन्हें बरकरार रखा गया है। हालांकि, उन्हें अब तक प्लेइंग-11 में मौका नहीं मिला है।

भारत के लिए सैमसन और अभिषेक शर्मा पारी का आगाज करने उतर रहे हैं, जबकि तीसरे नंबर पर ईशान किशन आ रहे हैं। वहीं, चौथे नंबर पर कप्तान सूर्यकुमार यादव उतर रहे हैं। सैमसन फॉर्म में नहीं हैं, जबकि ईशान ने बड़ी पारियां खेलकर एकादश के लिए दावा मजबूत किया है। तिलक जब टीम में आएंगे तो भारत के सामने ईशान को प्लेइंग-11 में फिट करने की चुनौती होगी।

अगर सैमसन को मौका मिलता है और वह इन दो मैचों में भी बड़ी पारी नहीं खेल सके तो टीम प्रबंधन विश्व कप में उनकी जगह ईशान को ओपनिंग के लिए भेज सकता है और इस स्थिति में तिलक तीसरे नंबर पर खेल सकते हैं।

### बेहतरीन फॉर्म में है भारत

इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। तीसरे मैच में तो भारत ने केवल 10 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अभिषेक ने 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार और किशन ने लगभग 230 के स्ट्राइक रेट को बनाए रखा है। भारत की बल्लेबाजी की आक्रामकता की बानगी पिछले दो मैच आंकड़े पेश करते हैं। भारत ने दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में क्रमशः 209 और 154 रन (कुल 363 रन) का पीछा करते हुए केवल 25.2 ओवर ही खेले। अगर विशाखापत्तनम की पिच की प्रकृति और ओस के प्रभाव पर ध्यान दें तो इस मैच की कहानी भी अलग नहीं होगी।



भारतीय टीम के बल्लेबाज शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। लेकिन संजू सैमसन की फॉर्म ने टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ाई हुई है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब बुधवार को चौथा टी20 मैच खेला जाएगा।

### स्पिनरों का प्रदर्शन चिंता का विषय

भारत के लिए स्पिनरों का प्रदर्शन भी चिंता का विषय बना हुआ है। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती अबतक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। कुलदीप ने दो मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं और वह प्रभावित करने में असफल रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर 9.5 रन लुटाए। पिछले मैच में भी कुलदीप ने तीन महंगे ओवर किए जिनमें उन्होंने 32 रन दिए। जसप्रीत बुमराह, रवि बिश्नोई और हार्दिक पांड्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने कीवी टीम को नौ विकेट पर 153 रन पर रोक दिया था। कुलदीप इससे पहले वनडे सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में तीन विकेट लिए थे और प्रति ओवर 7.28 रन दिए थे। वरुण को पिछले मैच में विश्राम दिया गया था, लेकिन पहले दो मैच में उनकी गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी जिसके लिए वह जाने जाते हैं।

इस संदर्भ में भारत इस बात पर विचार करेगा कि क्या चौथे मैच में बिश्नोई को ही टीम में बनाए रखा जाए और कुलदीप को विश्राम देने के लिए उनकी जगह वरुण को वापस लाया जाए। भारत ऑलराउंडर अक्षर पटेल की फिटनेस पर भी कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि अंगुली में चोट के कारण वह नागपुर में पहले मैच के बाद से नहीं खेल पाए हैं।

# अपने ही जाल में फंसेगा पाकिस्तान!

## अगर विश्वकप का किया बहिष्कार तो बांग्लादेश की हो सकती है एंट्री





**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अब तक किसी निर्णय पर नहीं पहुंचा है। अगर वह आगामी टी20 विश्व कप से बाहर होने का फैसला लेता है तो बांग्लादेश को अपनी गलती सुधारने का मौका मिल सकता है। यह दावा सोशल मीडिया पर यूजर्स कर रहे हैं।

टी20 विश्व कप 2026 से पहले विवादों का दौर जारी है। बांग्लादेश का मुद्दा सुलझ चुका है, अब बारी पाकिस्तान की है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की हरकतों से खफा है और उम्मीद है कि जल्दी ही कोई बड़ा कदम उठा सकता है। इस बीच सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स दावा कर रहे हैं कि अगर पाकिस्तान आगामी विश्व कप का बहिष्कार करता है तो बांग्लादेश को एक बार फिर विश्व कप में खेलने का मौका मिल सकता है।

नीचता की सारी हदें पार कर रहा पाकिस्तान

पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात के बाद कहा कि आगामी विश्व कप में खेलने पर शुक्रवार या सोमवार (2 फरवरी) तक फैसला लिया जा सकता है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, शहबाज शरीफ ने इस मुलाकात के दौरान नकवी को बांग्लादेश की हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, अगर पाकिस्तान टी20 विश्व कप में खेलने के लिए राजी भी हो जाता है तो वह 15 फरवरी को भारत के खिलाफ मुकाबले का बहिष्कार कर सकता है। हालांकि, इन सभी मुद्दों पर अगले सोमवार तक पीसीबी फैसला लेगा।

**यूजर्स का दावा- बांग्लादेश के लिए अब भी खुले हैं दरवाजे**

इस बीच सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ यूजर्स दावा कर रहे हैं कि बांग्लादेश की जगह भले ही स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल कर दिया गया है, लेकिन अब भी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। अगर पाकिस्तान टी20 विश्व कप के बहिष्कार का फैसला लेता है और टूनार्मेंट नहीं खेलता है तो उसकी जगह ग्रुप ए में आईसीसी बांग्लादेश को शामिल कर सकता है।

**बांग्लादेश क्यों हुआ टी20 विश्व कप से बाहर?**

तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से निकाले जाने के बाद बीसीबी ने बांग्लादेश में आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी थी। इसके अलावा आईसीसी से अपने मुकाबले भारत की बजाय श्रीलंका स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके साथ उन्होंने खेल की वैश्विक संस्था के सामने यह भी विकल्प रखा था कि आयरलैंड को उनकी जगह ग्रुप सी में शामिल कर दिया जाए और बांग्लादेश को ग्रुप बी का हिस्सा बनाया जा सकता है, क्योंकि आयरलैंड को अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलने हैं।

# जोविक को हराकर शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका सेमीफाइनल में, छत खुली रखकर खेला गया मुकाबला

**मेलबर्न।** सबालेंका ने दूसरे सेट में दो ब्रेकप्वाइंट लेकर 5-0 की बढ़त बना ली और अमेरिकी खिलाड़ी की उम्मीद पर पूरी तरह से पानी फेर दिया। सबालेंका ने ऐस लगाकर मैच प्वाइंट हासिल किया तथा एक और ऐस लगाकर मैच अपने नाम किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।



मेलबर्न में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी होने और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फॉरेनहाइट) से ऊपर रहने की आशंका के चलते रॉड लेवर स्टेडियम में शुरू हुआ मैच छत खुली रखकर खेला गया। लेकिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव और अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन के बीच पुरुष क्वार्टरफाइनल मैच के लिए इसे बंद कर दिया गया।

पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने बंद छत के नीचे खेलने का फायदा उठाया और 20 वर्षीय टिएन पर 6-3, 6-7 (5), 6-1, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। ज्वेरेव ने 24 ऐस लगाए और केवल एक डबल फॉल्ट किया। उन्होंने किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में दसवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# ऑस्ट्रेलिया के घातक तेज गेंदबाज ने अचानक लिया संन्यास

## 2021 विश्व विजेता टीम का रह चुके हिस्सा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज केन रिचर्डसन ने क्रिकेट से संन्यास लिया। 2008-09 में डेब्यू, 2013 में अंतरराष्ट्रीय शुरूआत। हर इडछ सीजन में हिस्सा लेने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल, 142 विकेट लेकर लीग के पांचवें सबसे सफल गेंदबाज के रूप में करियर पूरा किया। क्ढछ और अन्य फ्रेंचाइजी लीग्स में भी खेले। संन्यास का कारण बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने क्रिकेट सफर से हर बूंद निकाल ली।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। 34 साल के इस तेज गेंदबाज ने मंगलवार को इसका एलान किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम का 25 वनडे और 36 टी20 में प्रतिनिधित्व किया। साथ ही वह 2021 में टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी हिस्सा रहे



थे। घरेलू क्रिकेट में नॉर्दर्न टेरिटरी और साउथ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाले रिचर्डसन ने लिस्ट-ए डेब्यू 2008-09 सीजन में किया था, जबकि अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत 2013 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच से हुई। रिचर्डसन बिग बैश लीग के लगातार सभी सीजन खेलने वाले कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल रहे।

उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए छह सीजन खेले, उसके बाद 2017-18 में मेलबर्न रेनेगेड्स से जुड़े और आठ सीजन तक टीम का हिस्सा रहे। इसके बाद 2025-26 सीजन से पहले उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के साथ एक साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। वे अपने BBL करियर को 142 विकेट के साथ प्रतियोगिता के पांचवें सबसे सफल गेंदबाज के रूप में समाप्त करते हैं। रिचर्डसन ने कई देशों में फ्रेंचाइजी क्रिकेट भी खेला, जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग भी शामिल है।

संन्यास की घोषणा करते हुए रिचर्डसन ने कहा, '2009 में डेब्यू करने से लेकर अब तक, मुझे लगता है कि मैंने खुद से जितना निकाल सकता था, निकाल लिया है और यह एक बेहद खूबसूरत सफर को खत्म करने का सही समय है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे अपने देश और दुनिया भर में कई फ्रेंचाइजी टीमों के लिए खेलने का मौका मिला। मैंने कभी इन मौकों को हल्के में नहीं लिया और मैं उम्मीद करता हूं कि लोग समझ पाए हों कि बचपन से डार्विन में मैंने एक क्रिकेटर बनने का सपना देखा था।

# आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने से इनकार के 5 मामले

## टी-20 विश्वकप 2026 से पहले कब-कब हुआ ऐसा? बहिष्कार का लंबा इतिहास

**दुबई।** आईसीसी टूर्नामेंटों में राजनीतिक, सुरक्षा और राजनयिक कारणों से कई बार टीमें मेजबान देश में खेलने से इनकार कर चुकी हैं। बांग्लादेश का हालिया मामला नया जरूर है, पर अनोखा नहीं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे जैसी टीमें भी विभिन्न कारणों से मैच छोड़ चुकी हैं। यह इतिहास बताता है कि क्रिकेट सिर्फ मैदान पर नहीं, बल्कि भू-राजनीति, सुरक्षा और कूटनीति से भी प्रभावित होता है।



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा बांग्लादेश को टी20 विश्व कप 2026 से हटाने और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल करने का निर्णय विवाद को समाप्त नहीं कर पाया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट में टीम भेजने से इनकार कर दिया था, सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए। इसके तुरंत बाद आईसीसी ने बांग्लादेश को प्रतिस्पर्धा से बाहर करते हुए स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। दूसरी तरफ, पाकिस्तान की ओर से भी विश्व कप के बहिष्कार की धमकी दी जा रही है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड दो फरवरी तक अपना आधिकारिक रुख स्पष्ट करेगा।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब किसी टीम ने किसी मेजबान देश में खेलने से इनकार किया हो। आईसीसी टूर्नामेंटों की इतिहास में कई ऐसे अवसर आए हैं जब राजनीति, सुरक्षा या राजनयिक तनावों के चलते टीमें किसी मेजबान देश में खेलने को तैयार नहीं हुईं। आइए नजर डालते हैं ऐसे पांच प्रमुख घटनाक्रमों पर...

1. 1996 वनडे वर्ल्ड कपः ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज ने श्रीलंका का दौरा ठुकराया

1996 वनडे विश्व कप श्रीलंका, भारत और पाकिस्तान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाना था, लेकिन टूर्नामेंट से ठीक दो सप्ताह पहले, कोलंबो में एक भीषण बम धमाके ने पूरी दुनिया में चिंता पैदा कर दी। श्रीलंका पहले से ही गृहयुद्ध के दौर से गुजर रहा था, ऐसे में सुरक्षा मुद्दे और गंभीर हो गए।

2. 2003 वनडे वर्ल्ड कपः इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे छोड़ा, न्यूजीलैंड ने केन्या



पहला विश्व कप जो अफ्रीका में आयोजित हुआ, उसने सुरक्षा और राजनीतिक तनावों के चलते कई विवाद देखे। इंग्लैंड की टीम ने जिम्बाब्वे में मैच खेलने से इनकार किया क्योंकि ब्रिटेन की सरकार, उस समय टोनी ब्लेयर के नेतृत्व में, रॉबर्ट मुगाबे शासन की आलोचना कर रही थी। इंग्लैंड ने आईसीसी से मैच को तटस्थ स्थान पर शिफ्ट करने की गुहार लगाई पर अनुरोध खारिज हुआ, और जिम्बाब्वे को वॉक ओवर मिला।

3. 2009 टी20 वर्ल्ड कपः जिम्बाब्वे ने खुद हटना बेहतर समझा

2009 टी20 विश्व कप इंग्लैंड में होना था, लेकिन सवाल उठ रहा था कि क्या जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों को वीजा मिल पाएगा।

4. 2016 अंडर-19 वर्ल्ड कपः ऑस्ट्रेलिया की सुरक्षा चिंता कायम रही

2015 में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश दौरा सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया था और 2016 अंडर-19 विश्व कप तक उनका रुख नहीं बदला। ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियों ने टीम पर खतरे को हाईअलर्ट बताया और बोर्ड ने टीम भेजने से इनकार कर दिया।

5. 2025 चैंपियंस ट्रॉफीः भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार किया

2025 चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान की मेजबानी में होना था, जो लगभग 29 साल बाद किसी आईसीसी इवेंट की वापसी दर्शाती। पीसीबी के लिए यह ऐतिहासिक क्षण होता, परंतु प्रश्न उठ रहा था, क्या भारत पाकिस्तान जाएगा? भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला और राजनीतिक वातावरण तनावपूर्ण बना रहा। 2023 में पाकिस्तान टीम भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेलकर लौटी, लेकिन उसके बावजूद भारत सरकार ने 2025 के लिए यात्रा अनुमति नहीं दी। बीसीबीआई ने कहा कि हमारी टीम को सरकारी अनुमति नहीं मिली है, इसलिए हम पाकिस्तान नहीं जाएंगे।

# सहवाग के बयान पर भड़के पाक के सकलेन मुश्ताक

**नई दिल्ली।** 2004 के मुल्तान टेस्ट में सहवाग ने 309 रन बनाकर भारत का पहला तिहरा शतक जमाया था। हाल ही में सकलैन मुश्ताक ने कहा कि वे उस मैच में चोटिल थे और सहवाग के छक्का वाले बयान से उन्होंने टीआरपी बटोरी।



मुश्ताक का कहना है कि हालांकि सहवाग ने शानदार खेला, लेकिन उस कहानी में उनका दर्द कोई नहीं जानता।

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट समेत किसी भी खेल में जब भी मैच होता है, तो रोमांच चरम पर पहुंच जाता है। यह मुकाबला सिर्फ रोमांच से नहीं, बल्कि भावनाओं से भी जुड़ा होता है। कई बार इसमें विवाद भी देखने को मिलते हैं। भारत-पाकिस्तान मैच से जुड़ी ऐसी ही एक पुरानी घटना फिर से चर्चा में है। पाकिस्तान के दिग्गज स्पिनर सकलैन मुश्ताक ने, जिन्होंने हाल ही में भारतीय पूर्व स्टार बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग पर आरोप लगाया कि उन्होंने छक्का मारने वाली बात से टीआरपी बटोरी।

**सहवाग का ऐतिहासिक तिहरा शतकः** साल 2004 के मुल्तान टेस्ट में वीरेंद्र सहवाग ने पाकिस्तान के खिलाफ इतिहास रचते हुए भारत की तरफ से पहला ट्रिपल सेंचुरी (309 रन, 375 गेंद, 35 चौके, 6 छक्के) जमाया था। इस पारी में सकलैन मुश्ताक भी गेंदबाजी कर रहे थे और सहवाग ने अपने 295 के निजी स्कोर पर मुश्ताक की गेंद पर छक्का मारकर 300 का आंकड़ा पार किया था। यह दृश्य आज भी क्रिकेट में अनोखा माना जाता है।

**मुश्ताक का दावाः चोट के बावजूद गेंदबाजी कीः** न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में सकलैन मुश्ताक ने कहा कि सहवाग के बयान का सिर्फ एक पक्ष सामने आता है, जबकि उनकी मुश्किलें किसी ने नहीं बताईं। उन्होंने कहा कि उस मैच में वे चोटिल थे और मजबूरी में गेंदबाजी कर रहे थे। मुश्ताक ने कहा, 'मुल्तान में जब उसने 300 मारा, तब मेरे कंधे में चोट थी। मैं अस्पताल में था, हाथ नहीं उठा पा रहा था, घुटने में दर्द था, लेकिन हमारे पास दूसरा स्पिनर नहीं था, तो इंजमाम-उल-हक ने कहा कि गेंदबाजी करो। वो मेरा आखिरी मैच था।'

मुश्ताक ने आगे कहा, 'मैं बहाने नहीं बना रहा, लेकिन उन्होंने मुझे केवल दो बार खेला है. चोट के बावजूद, मैंने सीधी लाइन में गेंदबाजी की, पाटा विकेट था‍ लेकिन मैंने कभी यह बातें नहीं कहीं। उसने इससे टीआरपी बनाई कि सकलैन आएगा तो मैं छक्का मार दूंगा।'

**सहवाग के छक्का वाले बयान पर मुश्ताक की चुभनः** कई मंचों पर सहवाग ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि जब सकलैन आएगा तो मैं छक्का मारूंगा। इस बयान को फैंस ने पसंद भी किया और यह क्रिकेट बातचीत का हिस्सा बन गया। पर मुश्ताक का मानना है कि यह एक तरह से मीडिया हाइप था।

उनका कहना है, 'सहवाग ने हेडलाइन बना ली कि मैं छक्का मार दूंगा‍ उसने इससे टीआरपी बटोरी।' मल्तान टेस्ट सिर्फ सहवाग की वजह से याद नहीं किया जाता, बल्कि सचिन तेंदुलकर के 194* रन की पारी के लिए भी यादगार है।

# मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने दिव्या देशमुख को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को 'डायनामाइट न्यूज यंग इंडिया कंट्री' पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने दिव्या की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि देश को उनकी अगली सफलता का इंतजार है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने सोमवार को महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को 'डायनामाइट न्यूज यंग इंडिया कंट्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्या ने देश का नाम रोशन किया है और अब पूरे देश को उनकी अगली बड़ी उपलब्धि का इंतजार है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है। इन बच्चों ने भारत



का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है। अब देश को आपकी अगली उपलब्धि का इंतजार है।'

न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं के चयन के लिए डायनामाइट न्यूज की जूरी की भी सराहना की और इस पहल को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय कोठारी ने भी दिव्या देशमुख की प्रशंसा करते हुए उनके माता-पिता डॉ. नम्रता देशमुख और डॉ. जितेंद्र देशमुख को बधाई दी।

# बीसीबी ने विवादित अधिकारी नजमुल इस्लाम को बहाल किया, बांग्लादेशी खिलाड़ी नाराज

**ढाका।** बीसीबी ने विवादित अधिकारी एम. नजमुल इस्लाम को फिर से बहाल कर दिया है, जिससे राष्ट्रीय टीम में नाराजगी और अविश्वास बढ़ गया है। इससे पहले नजमुल ने तमीम इकबाल को इंडियन एजेंट कहा था और खिलाड़ियों के भुगतान पर विवाद पैदा किया था। विश्व कप से बाहर किए जाने के तुरंत बाद यह कदम बांग्लादेश क्रिकेट के लिए और संकटपूर्ण माना जा रहा है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। पहले सुरक्षा कारणों का हवाला देकर भारत में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम भेजने से इनकार किया, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (क्ळउ) ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। यह निर्णय





बांग्लादेशी क्रिकेट में पहले ही तनाव की स्थिति बना रहा था, लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का एक और कदम क्रिकेटरों के बीच असंतोष का कारण बन गया है। दरअसल, बीसीबी ने अपने विवादित डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम को वित्त विभाग के प्रमुख पद पर फिर से नियुक्त कर दिया है। कुछ दिन पहले ही उन्हें सभी कार्यभारों से हटाया गया था, लेकिन बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, अब उनकी वापसी ने खिलाड़ियों में गहरा असंतोष पैदा कर दिया है।

**खिलाड़ियों की नाराजगी**

बीसीबी के इस फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों में नाराजगी की आवाजें सुनाई दीं। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, एक खिलाड़ी ने तंज कसते हुए कहा, 'यह तो अच्छी खबर है।' वहीं दूसरे खिलाड़ी ने वर्तमान माहौल पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'आप समझ सकते हैं यहां चीजें कैसे हो रही हैं।' इन बयानों से स्पष्ट होता है कि टीम के भीतर विश्वास का संकट गहरा चुका है और खिलाड़ी बोर्ड के निर्णयों से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

**'इंडियन एजेंट' टिप्पणी से शुरू हुआ विवादः** बीते दिनों नजमुल इस्लाम को इसलिए हटाया गया था क्योंकि उन्होंने खिलाड़ियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

भारत यात्रा से इनकार के बीच जब खिलाड़ियों की संभावित भुगतान स्थिति पर सवाल हुआ, तो उन्होंने कहा था कि खिलाड़ियों को कोई भुगतान नहीं मिलना चाहिए क्योंकि उन्होंने अब तक किसी आईसीसी टूनार्मेंट में जीत दर्ज नहीं की है। इस बयान ने बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन को भड़का दिया और उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की।

सबसे विवादित टिप्पणी तब आई जब उन्होंने पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'इंडिया का एजेंट'बताया, केवल इसलिए क्योंकि तमीम ने भारत के साथ बने गतिरोध पर संयमित रुख अपनाने की सलाह दी थी। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने इस बयान की कड़ी निंदा की थी। इन घटनाओं के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने नजमुल को कारण बताओ नोटिस भेजा और सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था, लेकिन अब उनकी पुनर्नियुक्ति ने पुराना विवाद फिर जगा दिया है।

बांग्लादेश टेस्ट कप्तान नजमुल हसन शांतो ने भी मौजूदा स्थिति पर चिंता जताई और खिलाड़ियों पर मानसिक दबाव की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, 'हम बहुत दबाव में हैं और इस स्थिति में संतुलित तरीके से सोचने की जरूरत है।'

**उभरता बड़ा सवाल**

अब सवाल यह है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड किस दिशा में जा रहा है? एक तरफ विश्व कप से बाहर होना, दूसरी तरफ बोर्ड और खिलाड़ियों के बीच अविश्वास, और तीसरी तरफ विवादित अधिकारियों की वापसी, ये सभी संकेत बांग्लादेश क्रिकेट के लिए खतरनाक हैं।